गैरसैंण, सोमवार
9 मार्च 2026
वर्षः 16
अंकः 284 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार
www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### रवाईंखाल में पिंजरे में कैद हुआ गुलदार

बागेश्वर। बागेश्वर वन क्षेत्र के रवाईखाल में एक गुलदार वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया है। ग्रामीणों की सूचना के बाद वन कर्मी मौके पर पहुंचे और गुलदार को रेंज कार्यालय ले आए। यहां पशुपालन विभाग के डॉक्टरों ने उसका मेडिकल किया। गुलदार को उसके प्राकृतिक आवास पर भेजा जाएगा। ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। मालूम हो कि जिले के विभिन्न हिस्सों में इन दिनों गुलदार का आतंक बना हुआ है। ग्रामीणों की मांग पर वन विभाग ने रवाईखांला, मजियाखेत, चौगांवछीना में पिंजरे लगाए हैं। शनिवार रात एक गुलदार रवाईंखाल में पिंजड़े में फंस गया और कैद होते ही वह जोर–जोर से गुर्राने लगा। इसकी सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग को दी। सूचना के बाद रेंजर केवलानंद पांडेय, वन आरक्षी चंदन राम, वन बीट अधिकारी हेम चंद्र पाठक, विनोद भट्ट, दीपक, दरबान आदि रविवार की सुबह मौके पर पहुंचे। इसके बाद गुलदार को रेंज कार्यालय बागेश्वर लाए। यहां उसका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। रेंजर पांडे ने बताया कि गुलदार स्वस्थ है। मादा गुलदार की उम्र सात साल के करीब है। अब उसे प्राकृतिक आवास पर छोड़ा जाएगा। गुलदार पकड़े जाने पर लोगों ने राहत की सांस ली है।

### दूरस्थ कोटकेंद्री के कार्तिक सिंह सेना में लेफ्टिनेंट बने

चम्पावत। पूर्णागिरि क्षेत्र के गांव कोटकेंद्री के मूल और हाल नायकगोठ निवासी के कार्तिक सिंह ने सेना में लेफ्टिनेंट बने हैं। प्रारंभिक शिक्षा आर्मी पब्लिक स्कूल तथा उच्च शिक्षा दिल्ली यूनिवर्सिटी से करने वाले कार्तिक सीडीएस की परीक्षा उत्तीर्ण कर एक साल की ऑफिसर ट्रेनिंग के बाद बीते सात मार्च को चेन्नई में हुई पासिंग आउट परेड में लेफ्टिनेंट बने। इनका परिवार सन 1968 से लगातार भारतीय सेना में सेवा दे रहा है, जिनमें इनके दादा हवलदार सोबन सिंह 1971 की भारत –बंग्लादेश लड़ाई में पूर्वी स्टार प्राप्तकर्ता हैं। इनके पिता सूबेदार रमेश सिंह भी वर्तमान में आर्मी में कार्यरत हैं, जबकि इनके चाचा हवलदार अर्जुन सिंह और चेचरा भाई नायक दीपक सिंह भी भारतीय थल सेना में कार्यरत है। कार्तिक सिंह का छोटा भाई विदित सिंह एनआईटी सिलचर से पढ़ाई कर रहा है। दादी दुर्गी देवी गृहिणी हैं तथा माता बबीता ज्याला आर्मी प्री प्राइमरी स्कूल में शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र के लोगों ने खुशी का इजहार किया है।

### महिला की मौत के मामले में टीम हरियाणा रवाना

रुद्रप्रयाग। नगर मुख्यालय स्थित मुख्य बाजार के एक होटल में बीते रोज महिला की संदिग्ध परिस्थितियों की मौत के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। रविवार शाम को परिजन यहां पहुंचे। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को दिया जाएगा। वहीं महिला के साथ आए दोनों व्यक्ति हरियाणा के हैं जिनमें एक व्यक्ति महिला का पति बताया जा रहा है। घटना के बाद से दोनों फरार हैं। उनकी तलाश में पुलिस टीम हरियाणा रवाना हो गई है। शुक्रवार को रुद्रप्रयाग मुख्य बाजार के एक होटल में हरियाणा से आए काजल, अरुण (तथाकथित पति) व अक्षय कुमार (दोस्त) ठहरे हुए थे। शनिवार सुबह आरोपी अरुण और अक्षय कहीं चले गए और बाद में महिला कमरे में बेहोश मिली। मौके पर पहुंची पुलिस महिला को अस्पताल लाई जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस की सूचना पर महिला के परिजन रविवार को रुद्रप्रयाग पहुंचे। कोतवाली निरीक्षक सुरेश चंद्र बलूनी ने बताया कि महिला की पहचान काजल (32) शाहाबाद जिला कुरुक्षेत्र हरियाणा के रूप में हुई है। वहीं अरुण व अक्षय कुमार कैथल हरियाणा के हैं। दोनों की तलाश के लिए पुलिस टीम भेज दी गई है। हत्या के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चल पाएगा।

– दो दिन में तीन मौतः रुद्रप्रयाग जैसे शांत जिले में दो दिनों में दो घटनाओं में तीन लोगों की मौत की खबर से स्थानीय लोगों में डर का माहौल है। उक्रांद नेता अर्जुन कंडारी ने कहा कि पुलिस की लगातार गश्त, अवैध शराब, नशाखोरी के खिलाफ चल रहे अभियानों तथा सत्यापन अभियान के बावजूद आपराधिक तत्वों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं।

# उत्तराखंड विधानसभा सत्रः ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण होगा गुलजार

## 13 साल में 11वीं बार पहाड़ चढ़ी सरकार



चमोली। उत्तराखंड विधानसभा का पांच दिवसीय बजट सत्र सोमवार से गैरसैंण (भराड़ीसैंण) में शुरू हो रहा। विस सत्र के लिए सरकार पिछले 13 साल में 11वीं बार पहाड़ चढ़ेगी। 2014 से अब तक राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण (भराड़ीसैंण) में 10 बार विधानसभा सत्र हो चुके हैं। राज्य आंदोलन के दौरान उत्तराखंड राज्य के साथ ही स्थायी राजधानी गैरसैंण (भराड़ीसैंण) घोषित करना मुख्य मांग थी। आंदोलनकारियों का मानना था कि गैरसैंण भौगोलिक रूप से केंद्र में होने के कारण कुमाऊं और गढ़वाल दोनों क्षेत्रों के लिए सुलभ और विकासात्मक रूप से उपयुक्त राजधानी होगी, लेकिन गैरसैंण को स्थायी राजधानी घोषित न कर उसे ग्रीष्मकालीन राजधानी घोषित किया गया। जहां 2014 से अब तक 10 बार विधानसभा सत्र हुए, लेकिन इसमें भी छह बार विधानसभा सत्र दो से तीन दिन चला।

**गैरसैंण (भराड़ीसैंण) में तब छह दिन चला विधानसभा सत्र**

ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण (भराड़ीसैंण) में वर्ष 2018 में छह दिन विधान सभा सत्र चला। इसके अलावा 2021 में भी विधानसभा सत्र एक मार्च 2021 से छह मार्च 2021 तक छह दिन चला। जबकि वर्ष 2014 में तीन दिन, वर्ष 2015 में दो, वर्ष 2016 में दो, वर्ष 2017 में दो, वर्ष 2020 में पांच, 2023 में चार, वर्ष 2024 में तीन और वर्ष 2025 में दो दिन चला। विधानसभा सचिव हेम चंद्र पंत के मुताबिक वर्ष 2019 और 2022 में शून्य सत्र रहा।

### गैरसैंण पहुंची सरकार, कल से बजट सत्र, पक्ष–विपक्ष के 600 से ज्यादा सवालों से गरमाएगा सदन

चमोली। बजट सत्र के लिए प्रदेश सरकार आज ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण पहुंच गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण समेत सभी मंत्री, विधायक, अधिकारी दोपहर बाद भराड़ीसैंण पहुंचे। विधानसभा भवन में सत्र के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

इस बार पक्ष–विपक्ष विधायकों के 600 प्रश्न सदन में गरमाएंगे। इसके अलावा सरकार की ओर से कई विधेयक, अध्यादेश, विभागों की वार्षिक प्रतिवेदन रिपोर्ट सदन पटल पर रखा जाएगा। विधानसभा परिसर व आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए। भराड़ीसैंण विधानसभा भवन में राज्यपाल के अभिभाषण से बजट सत्र की शुरूआत होगी। आज भराड़ीसैंण में ही कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में सदन संचालन के लिए एजेंडा तय किया जाएगा। प्रदेश सरकार 10 मार्च को बजट पेश कर सकती है।

# भारत तीसरी बार बना टी20 चैंपियन

## फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया



नई दिल्ली। भारत ने न्यूजीलैंड को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में हराकर खिताब जीत लिया है। भारत के 255 रन के जवाब में न्यूजीलैंड 19 ओवर में 159 रन पर सिमट गई। टीम इंडिया ने तीसरी बार टी20 विश्वकप का खिताब जीता है। इससे पहले टीम 2007 में पहले संस्करण और 2024 में रोहित शर्मा की कप्तानी में खिताब जीती थी। सूर्यकुमार यादव का भी नाम विश्व विजेता कप्तानों में शुमार हो गया है। भारत ने न्यूजीलैंड के सामने 256 रन का लक्ष्य रखा था।। इस मैच में टीम इंडिया ने रिकॉर्ड्स की बारिश कर दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने 20 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 255 रन बनाए। भारत एक समय 300 रन बनाती हुई दिख रही थी, लेकिन 16वें ओवर में नीशम ने तीन झटके दिए और इससे रन गति धीमी पड़ गई। भारत का स्कोर 15वें ओवर के बाद एक विकेट पर 203 रन था। इसके बाद 16वें ओवर में टीम इंडिया ने संजू सैमसन, ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव के विकेट गंवाए। इस ओवर में एक रन बना। फिर 17वें ओवर में सात रन और 18वें ओवर में नौ रन बने। 19वें ओवर में हार्दिक पांड्या आउट हुए और 11 रन बने। हालांकि, आखिरी ओवर में शिवम दुबे का बल्ला चला और इसकी वजह से टीम 250 के पार पहुंच सकी। दुबे आठ गेंद में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 26 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने आखिरी यानी 20वें ओवर में 24 रन बटोरे।

### पीएम मोदी ने वर्ल्ड चैंपियन भारत को दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टी20 विश्वकप जीतने पर टीम इंडिया को बधाई दी है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा, 'चैंपियंस! आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप जीतने पर भारतीय टीम को बधाई। यह शानदार जीत जबरदस्त स्किल्स, पक्के इरादे और टीमवर्क को दिखाती है। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में जबरदस्त हिम्मत दिखाई है। इस जीत ने हर भारतीय के दिल को गर्व और खुशी से भर दिया है। बहुत अच्छा काम किया टीम इंडिया।'

# प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली में किया पहली रिंग मेट्रो का उद्घाटन

### जीपीआरए पुनर्विकास योजना भी शुरू



नईदिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को राजधानी दिल्ली के सार्वजनिक परिवहन और बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया। उन्होंने दिल्ली मेट्रो के 2 नए महत्वपूर्ण कॉरिडोर का उद्घाटन करने के साथ 3 नई मेट्रो लाइनों की आधारशिला भी रखी। इसके अलावा, उन्होंने सरकारी आवासों के पुनर्विकास के लिए 15,200 करोड़ रुपये की सामान्य पूल आवासीय आवास (जीपीआरए) पुनर्विकास योजना योजनाओं का भी शुभारंभ किया है। दिल्ली मेट्रो में अब 2 नए कॉरिडोर परिवहन नेटवर्क में क्रांतिकारी बदलाव लाएंगे। इसमें पिंक लाइन का लगभग 12.3 किलोमीटर लंबा मजलिस पार्क–मौजपुर बाबरपुर कॉरिडोर शामिल है, जो दिल्ली के बुराड़ी, खजूरी खास और भजनपुरा को सीधा जोड़ेगा। इस खंड के शुरू होने से पिंक लाइन अब देश का पहला पूर्ण रिंग मेट्रो कॉरिडोर बन गया है, जो पूरी दिल्ली के चारों ओर एक चक्कर पूरा करता है। यह राजधानी के विकास में बड़ा कदम है। प्रधानमंत्री मोदी ने मैजेंटा लाइन पर दीपाली चौक–मजलिस पार्क के 9.9 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर का भी उद्घाटन किया है। यह विस्तार हैदरपुर बादली मोड़ और भलस्वा जैसे क्षेत्रों के निवासियों के लिए वरदान साबित होगा। प्रधानमंत्री ने दिल्ली मेट्रो के फेज वी–ए के तहत 3 नई लाइनों का शिलान्यास भी किया। लगभग 16.1 किलोमीटर लंबे इन नए कॉरिडोर में आरके आश्रम मार्ग से इंद्रप्रस्थ, एरोसिटी से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा टर्मिनल–1 और तुगलकाबाद से कालिंदी कुंज तक के मार्ग शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने जीपीआरए पुनर्विकास योजना में 2,722 नवनिर्मित फ्लैटों का उद्घाटन करने के साथ 6,632 अतिरिक्त फ्लैटों की आधारशिला भी रखी है। इस परियोजना में दिल्ली की 7 पुरानी सरकारी आवासीय कॉलोनियों का पुनर्विकास किया जाएगा। इनमें सरोजिनी नगर, नेताजी नगर, नौरोजी नगर, कस्तूरबा नगर, त्यागराज नगर, श्रीनिवासपुरी और मोहम्मदपुर शामिल हैं। पुनर्विकास लगभग 537 एकड़ क्षेत्र में फैला होगा और इसका उद्देश्य पुरानी कम ऊंचाई वाली इमारतों को आधुनिक ऊंची आवासीय इमारतों से बदलना है। पुनर्विकास परियोजना से 21,000 से अधिक नए आवासीय यूनिट उपलब्ध होने और बुनियादी ढांचे तथा सार्वजनिक सुविधाओं में सुधार होने की उम्मीद है।

### बजट सत्र आज, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ प्रस्ताव पर हंगामे के आसार

नई दिल्ली ,संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार से शुरू हो रहा है और पहले ही दिन लोकसभा में जोरदार हंगामे के संकेत मिल रहे हैं। विपक्ष लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए लाए गए प्रस्ताव पर चर्चा कराने जा रहा है। इस प्रस्ताव को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस होने की संभावना है। विपक्ष का आरोप है कि स्पीकर ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही के दौरान पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया और कांग्रेस के सांसदों को लेकर कुछ गलत दावे भी किए। इसी वजह से कई विपक्षी दलों के नेताओं ने उन्हें हटाने का प्रस्ताव दिया है। नियमों के अनुसार, प्रस्ताव दिए जाने के बाद ओम बिरला ने खुद को कार्यवाही से अलग कर लिया है और कहा गया है कि प्रस्ताव पर फैसला होने के बाद ही वह फिर से सदन की कार्यवाही संभालेंगे। हालांकि संख्या बल के लिहाज से सरकार मजबूत स्थिति में है। भाजपा और उसके सहयोगी दलों के पास लोकसभा में बहुमत है, इसलिए माना जा रहा है कि यह प्रस्ताव पारित नहीं हो पाएगा।

# पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति के अपमान की गृह मंत्रालय ने मांगी रिपोर्ट




नईदिल्ली,पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कथित अपमान का मामला गरमा गया है। इस मामले पर केंद्रीय गृह सचिव ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव से जवाब मांगा है। बंगाल के मुख्य सचिव को शाम 5 बजे तक जवाब देने के लिए कहा गया है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा कि यह घटनाक्रम शर्मनाक है और इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ। दरअसल, राष्ट्रपति मुर्मू 9वें अंतरराष्ट्रीय संथाल कॉन्फ्रेंस में शामिल होने के लिए पश्चिम बंगाल पहुंचीं थीं। पहले ये कार्यक्रम सिलीगुड़ी के बिधाननगर में होने वाला था। हालांकि, सुरक्षा और अन्य कारणों का हवाला देते हुए अधिकारियों ने कार्यक्रम को बिधानगर की जगह बागडोगरा हवाई अड्डे के पास गोपालपुर में शिफ्ट कर दिया। राष्ट्रपति ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि बंगाल सरकार आदिवासियों का भला नहीं चाहती, इसलिए उन्हें आने से रोका गया। राष्ट्रपति जब कार्यक्रम स्थल पर पहुंचीं, तो उन्हें रिसीव करने केवल सिलीगुड़ी के मेयर गौतम देब ही मौजूद थे। हालांकि, प्रोटोकॉल कहता है कि राष्ट्रपति को रिसीव करने के लिए मुख्यमंत्री या किसी मंत्री का मौजूद होना जरूरी है। राष्ट्रपति ने इस पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा, आमतौर पर जब राष्ट्रपति आती हैं तो मुख्यमंत्री को उनका स्वागत करना चाहिए और अन्य मंत्रियों को भी उपस्थित रहना चाहिए, लेकिन ममता बनर्जी नहीं आईं।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस घटना को शर्मनाक और अभूतपूर्व बताया। उन्होंने लिखा, लोकतंत्र और आदिवासी समुदायों के सशक्तिकरण में विश्वास रखने वाला हर व्यक्ति निराश है। स्वयं आदिवासी समुदाय से आने वाली राष्ट्रपति जी द्वारा व्यक्त की गई पीड़ा और दुख ने भारत की जनता के मन में अपार दुख पहुंचाया है। पश्चिम बंगाल की टीएमसी सरकार ने सारी हदें पार कर दी हैं। राष्ट्रपति के इस अपमान के लिए उनका प्रशासन जिम्मेदार है। गृह मंत्री अमित शाह ने भी ममता सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा, टीएमसी सरकार ने आज अपने अराजक आचरण से और भी निम्न स्तर को छू लिया है। प्रोटोकॉल की घोर अवहेलना करते हुए उन्होंने राष्ट्रपति का अपमान किया है। इस घटना ने टीएमसी सरकार के भीतर गहरी खामी को उजागर कर दिया है। हमारे आदिवासी भाइयों और बहनों द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति का यह अपमान हमारे राष्ट्र और हमारे संवैधानिक लोकतंत्र के मूल्यों का अपमान है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने किया नारी तू नारायणी कार्यक्रम में प्रतिभाग

### – 38 वरिष्ठ महिलाओं को किया सम्मानित, कहा– "पहाड़ की असली ताकत उसकी मातृशक्ति



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्य सेवक सदन, देहरादून में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वरिष्ठ मातृशक्ति का सम्मान "नारी तू नारायणी" कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शिक्षा, समाज सेवा, उद्यमिता, पर्यावरण संरक्षण, कृषि, संस्कृति, जल संरक्षण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाली राज्यभर से 38 वरिष्ठ महिलाओं को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आज उन महिलाओं का सम्मान हो रहा है, जिनके त्याग, संघर्ष, स्नेह और संस्कारों ने परिवार, समाज और राष्ट्र की नींव को मजबूत किया है। उन्होंने कहा महिलाओं के स्नेह, त्याग और आशीर्वाद से पीढ़ियाँ आगे बढ़ती हैं और समाज निरंतर प्रगति करता है। महिलाएं, मां के रूप में अपने जीवन के प्रत्येक सुख को त्यागकर अपने बच्चों को आगे बढ़ाती हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा वरिष्ठ महिलाएं, परिवारों के साथ संस्कृति, परंपरा और जीवन मूल्यों की रक्षक भी हैं।उन्होंने कहा उत्तराखंड की मातृशक्ति का योगदान और भी अधिक प्रेरणादायी और गौरवपूर्ण है। हमारे प्रदेश की महिलाएं परिवार को संभालने के साथ खेत–खलिहानों को संवारती हैं। राज्य की महिलाएं कठिन परिस्थिति में भी मजबूती से आगे बढ़ती हैं। उत्तराखंड की माताओं ने अपने त्याग, परिश्रम और अदम्य साहस से इस राज्य को आगे बढ़ाया है। पहाड़ की असली ताकत उसकी मातृशक्ति है।

मुख्यमंत्री ने कहा वरिष्ठ नागरिकों, वृद्ध माताओं की सेवा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। राज्य सरकार, महिलाओं–विशेषकर वरिष्ठ महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेकों कल्याणकारी योजनाएँ चला रही है। राज्य सरकार, वृद्धावस्था पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। बुजुर्गों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के साथ राज्य के विभिन्न जिलों में वृद्धाश्रमों की व्यवस्था को भी मजबूत किया जा रहा है।

### भारत–यूएस व्यापार समझौते पर 3–4 माह में लग सकती है मुहर

नई दिल्ली , भारत और अमेरिका व्यापार समझौता अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के बड़े कानूनी झटके के बावजूद पटरी पर बना हुआ है। भारत इस समझौते को जल्द से जल्द अंतिम रूप देने के पक्ष में है।

भारत की रणनीति साफ है कि अनिश्चितता की स्थिति में रहने से बेहतर है कि समझौते से एक ठोस रक्षा कवच तैयार कर लिया जाए, क्योंकि ट्रंप प्रशासन के पास टैरिफ थोपने के कई अन्य 'कानूनी हथियार' मौजूद हैं। भारत का मानना है कि ट्रंप सरकार के जाने या किसी भविष्य की 'नरम' सरकार का इंतजार करना आत्मघाती हो सकता है। मोदी सरकार के शीर्ष सूत्रों के अनुसार, अमेरिकी अदालत के फैसले के बाद मार्च की नियत तारीख या महीना भले ही पीछे छूट गया हो, लेकिन बातचीत जारी है। अब अगले तीन से चार माह में नई कानूनी परिस्थितियों के हिसाब से शर्तों को फिर से तराशा जाएगा।

# राम रहीम को हत्याकांड में बरी किए जाने पर कांग्रेस सांसद ने उठाए सवाल



नई दिल्ली/चंडीगढ़ ,डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख राम रहीम को पत्रकार रामचंद्र छत्रपति की हत्या के मामले में बरी किए जाने पर कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि अपराध चाहे जितना बड़ा हो, भाजपा की शरण में जो भी जाता है, वह चमकदार सफेदी के साथ बाहर निकलकर आता है। यह एक बार फिर साबित हो गया है। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा की मशीन से गुजरकर राम रहीम अब साफ–सुथरे हो गए हैं और आरोपों से मुक्त होकर सामने आ गए हैं। उन्होंने कहा, मैं न्यायालय का पूरा सम्मान करता हूं और आदर दिखाते हुए कहना चाहता हूं कि यह मुकदमा राम रहीम बनाम राज्य सरकार का था। अदालत वही फैसला करेगी, जो तथ्य उसके सामने रखे जाएंगे। उन्होंने कहा, इस मामले में पार्टी हरियाणा सरकार थी। अंदेशा तभी हो चुका था, जब हरियाणा चुनाव के समय राम रहीम को फरलो दे दी गई थी। इसके बाद राम रहीम का आशीर्वाद भाजपा के ऊपर हो गया था, फिर पत्रकार की हत्या हो या लड़की का बलात्कार हो, मामले साधारण हो जाते हैं। बता दें कि पंजाब–हरियाणा हाईकोर्ट ने पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड में राम रहीम सिंह को बरी किया है। इसके साथ ही, मुख्य न्यायाधीश शील नागू और जस्टिस विक्रम अग्रवाल की पीठ ने शनिवार को सीबीआई की विशेष अदालत की ओर से 2019 में दी गई आजीवन कारावास की सजा के फैसले को पलट दिया।

# अप्रैल के पहले हफ्ते में शुरू होगी केदारनाथ हेली सेवा



देहरादून। आगामी चारधाम यात्रा के लिए केदारनाथ हेली सेवा के लिए टिकटों की बुकिंग अप्रैल के पहले सप्ताह में शुरू होने की संभावना है। उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण की ओर से हेली सेवा संचालन के लिए 11 मार्च को टेंडर खोले जाएंगे। इस बार भी आईआरसीटीसी के माध्यम से ऑनलाइन टिकटों की बुकिंग की जाएगी। चारधाम यात्रा 19 अप्रैल से शुरू हो रही है। 22 अप्रैल को केदारनाथ धाम के कपाट खुल रहे हैं।

पर्यटन विभाग ने यात्रा पंजीकरण शुरू कर दिया है। वहीं, यूकाडा भी केदारनाथ हेली सेवा के लिए एविएशन कंपनियों का जल्द ही चयन करेगा। चारधाम यात्रा में सबसे ज्यादा केदारनाथ धाम जाने को हेलिकॉप्टर की मांग रहती है। गुप्तकाशी, सिरसी, फाटा से नौ हेलिपैड से हेली सेवा संचालित की जाती है। सुरक्षित हेली सेवा के लिए डीजीसीए के नियमों को सख्ती से पालन कराया जाएगा। इसके अलावा केदारघाटी में उड़ान भरने वाले हेलिकॉप्टर की लाइव निगरानी की जाएगी।

इसके लिए केदारनाथ व बदरीनाथ धाम में लाइव ट्रैकिंग सिस्टम लगाए जा रहे हैं। यूकाडा के सीईओ आशीष चौहान ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया पूरी कर शीघ्र ही हेली कंपनियों के साथ अनुबंध किया जाएगा। अप्रैल माह शुरूआत से टिकटों की बुकिंग शुरू हो सकती है। इस पर यूकाडा जल्द ही निर्णय लेगा। इस बार आईआरसीटीसी के माध्यम से टिकटों की बुकिंग ऑनलाइन की जाएगी।

### हमारी पीड़ा में जो साथ खड़ा हो वही हमारा पक्ष है : स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

रायबरेली , स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने रायबरेली में रविवार को कहा कि देश में अधिकांश लोग चाहते हैं कि गायों को मां का दर्जा दिया जाए और उनकी हत्या को अपराध घोषित किया जाए। देश की बहुसंख्यक जनता से वोट लेकर बनने वाली सरकारें ऐसा कभी नहीं करना चाहती थीं। जो वर्तमान की सरकारें हैं, उन्होंने भी हम सबका वोट लिया। ये कहकर वोट लिया कि हमें वोट दीजिए क्योंकि हम गौमाता की रक्षा का कानून लेकर आएंगे लेकिन इनके राज में भी गौमाता की हालत खराब है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि बीफ एक्सपोर्ट धड़ल्ले से जारी है। यहां तक कि पिछली सरकारों को भी उन्होंने बहुत पीछे छोड़ दिया है। ऐसी स्थिति में देशभर की गौभक्त जनता सरकारों से मांग कर रही है कि बहुत हो चुका 78 साल का समय अपने बिता दिया। अब हम इसमें देरी नही चाहते हैं और आपको निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि ये (सरकार) आवाज उठाने वाली आवाज को बंद कर देना चाहते हैं।

## नीतीश के बेटे निशांत ने जदयू जॉइन की

# बोले–पापा पर भरोसा रखिए, उनके काम को आगे ले जाऊंगा




पटना , बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार ने रविवार को अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत करते हुए जनता दल यूनाइटेड की सदस्यता ग्रहण कर ली। पटना के जदयू कार्यालय में आयोजित एक समारोह में निशांत ने जदयू की सदस्यता ग्रहण की।

जदयू की सदस्यता ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि आपने जो विश्वास जताया है उस पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा। उन्हें पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। इस मौके पर मंत्री विजय कुमार चौधरी, श्रवण कुमार, बिजेंद्र यादव, रामनाथ ठाकुर सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। निशांत ने यह भी कहा कि मेरे पिताजी नीतीश कुमार ने राज्यसभा जाने का निर्णय लिया है, वह उनका निजी फैसला है और उस फैसले को स्वीकार करता हूं और आदर करता हूं। उन्होंने यह भी कहा कि हम सब पिताजी नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में काम करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि मैं पार्टी कार्यकर्ताओं के अनुसार संगठन को मजबूत करने का काम करूंगा। पिताजी ने जो कार्य बिहार में किया है, उसे जन–जन तक पहुंचाने की कोशिश करूंगा और जनता के दिल में घर बनाने की कोशिश करूंगा।

## सम्पादकीय

### धार्मिक कट्टरता का वीभत्स स्वप

पिछले कुछ दशकों में हमारे देश में धार्मिक कट्टरता ने हिंसक वारदातों का रूप ले लिया है। हालात इस प्रकार से बिगड़ चुके हैं की धैर्य और संयम बीते दिनों की बात हो चुकी है और एक दूसरे को कट्टरता के लिहाज से नीचे दिखाने की होड़ मची हुई है। निश्चित तौर पर राजनीतिक दलों के मंसूबे सफल होते नजर आ रहे हैं जो एक हंसते खेलते समाज को धार्मिक कट्टरता और जातिवाद के कुछ चक्र में फंसा कर अपना उल्लू सीधा करने में लगे हुए हैं। इस सबका खामियांजा अगर कोई भुगत्ता है तो वह है आम जनता। दिल्ली के उत्तम नगर की घटना ने तो पूरे देश को झकझोर कर ही रख दिया है। उत्तम नगर में हुई हत्या मामले में तीन एंगल निकल कर आ रहे हैं पहली यह एक कि छोटी बच्ची से पानी या रंग का गुब्बारा गलती से किसी मुस्लिम महिला को लग गया और विवाद शुरू हो गया यहाँ तक की एक नौजवान की जान चली गई। हत्या के बाद दूसरा पक्ष कह रहा है कि मरने वाले युवक ने ज़बरदस्ती एक मुस्लिम महिला को रंग लगाने उसको ग़लत तरीक़े से छुआ। ज़ाहिर है विवाद हो सकता है और इसी पिटाई के बाद छेड़ छाड़ करने वाले अरोपी युवक की जान गई। इस सब के बाद अब पुलिस का बयान आया है दोनों परिवारों के बीच घरेलू विवाद हुआ था उसी विवाद में बात यहाँ तक पहुँच गई आरपियो को हिरासत में भी लिया जा चुका है। आख़रि में सवाल ये है कि क्या सिर्फ़ एक गुब्बारा लगने से किसी की जान ले ली जाएगी ये कहीं अतिशियोक्ति तो नहीं या सच कुछ और है। आखिर हम अपने समाज को किधर ले जा रहे हैं ! कोई हत्या हो गई कोई रेप हो गया यह दलित की बेटी है ! यह हिंदू का लड़का है ! यह मुस्लिम की लड़की है ! यह मुस्लिम का लड़का है ! यह शब्द जोड़ने जरूरी है ? क्या शायद इन्हीं शब्दों की वजह से आग बहुत तेजी से बढ़ती है ! दंगे होते हैं ! और पता नहीं कितने लोग की जान चली जाती है ! और इसे कट्टरता कहते हैं ! और जहां कट्टरता आती है ! वहां समझो इंसानियत दम तोड़ देती है ! और जहां इंसानियत दम तोड़ देती है ! वहां फिर किसी चीज का कोई मायने नहीं रह जाते इसलिए ऐसी चीजों से बचना चाहिए। यदि कोई भी इस तरह की घटना होती है तो सिर्फ यह कहा जाए किसी व्यक्ति की हत्या हो गई किसी बेटी का रेप हो गया है। हत्याओं को रेप को किसी जाति धर्म से जोड़कर बोलने वालों पर अंकुश लगाना चाहिए बल्कि ऐसे शब्दों पर बैंन होना चाहिए ! यह दलित की बेटी है ! यह हिंदू की बेटी है, यह मुस्लिम की बेटी है। जब इन शब्दों का इस्तेमाल होता है देश में राज्य में गली में मोहल्ले में धार्मिक कट्टरता की प्रतिक्रिया एक आग बहुत तेजी से बढ़ती है ! जो की विनाश की तरफ जाती है। ऐसा नहीं करना चाहिए क्योंकि कोई एक या दो शरारती तत्वों की वजह से वो किसी भी जाति में किसी भी समाज में हो सकते हैं। मैं यहां किसी विशेष जाति समाज की बात नहीं कर रहा वो किसी भी जाति में हो सकते हैं। किसी भी समाज हो सकते हैं।उनकी वजह से पूरे समाज को एक आग में झोंक दिया जाता है जबकि यह गलत है ! जिसने भी रेप किया या जिसने भी हत्या की उसको कठोर से कठोर सजा मिलनी चाहिए। वो फिर किसी भी जाति धर्म का क्यों ना हो उसे कठोर से कठोर सजा दी जानी चाहिए। उस बेटी या उस बेटे को इंसाफ दिलाने के लिए सर्व समाज को लड़ाई लड़नी चाहिए सभी जाति धर्म को लड़ाई लड़नी चाहिए जिसके साथ इस तरह की कोई घटना घटी हो।

# लोगों को मूर्ख बनाने का मौका

**सवाल है कि बिहार जैसे राज्य की प्राथमिकता में पटना के बगल में एक और हवाईअड्डा बनाने की बात कैसे आ सकती है? किसी भी समझदार और बिहार के प्रति ईमानदारी व्यक्ति को बिहार के लिए जरूरी एक हजार कामों की सूची बनाने को कहा जाए तो उसमें भी हवाईअड्डे को निर्माण को जगह नहीं मिलेगी। लेकिन यहां सरकार की पहली प्राथमिकता हवाईअड्डा बनाने की दिख रही है! यह कितना गैरजरूरी है इसे बिहार के हवाईअड्डों की स्थिति और हवाई यात्रियों की संख्या से समझा जा सकता है। सोनपुर में जहां नया हवाईअड्डा प्रस्तावित किया गया है वह पटना हवाईअड्डे से अधिकतम 25 किलोमीटर की दूरी पर है। सो, पहला सवाल तो यही है कि पटना हवाईअड्डे से 25 किलोमीटर दूर एक और हवाईअड्डा क्यों बनाना है? क्या पटना हवाई ट्रैफिक का लोड नहीं उठा पा रहा है?**

**अजीत द्विवेदी**

बिहार में कोई काम नहीं है। सचमुच कोई काम नहीं है। शराबबंदी ने जरूर कुछ लोगों को काम पर लगाया है, जैसे स्कूली बच्चे और बच्चियां अपने स्कूल बैग में शराब की बोतलें ढो रहे हैं। जमीन के कारोबार में भी कुछ भी लोग लगे हैं। हालांकि इनमें भी ज्यादातर काम फर्जीवाड़े का है। जिन लोगों के पास सरकारी नौकरी है उनकी बात छोड़ दें तो अधिकतर परिवार खेती पर आश्रित हैं। घरों में बूढ़े बचे हुए हैं, जो बाहर कमाने वाले अपने बच्चों की ओर से पैसे आने का इंतजार कर रहे होते हैं।

लगभग हर परिवार से एक या उससे ज्यादा व्यक्ति बाहर हैं। जो गरीब है, अक्षम है उसके बच्चे कमाने गए हैं और जो सक्षम है उसके बच्चे पढ़ने गए हैं या पढ़ लिख कर बाहर ही सेटल हो गए हैं। भयावह स्थिति है बिहार में। लेकिन सरकार के मुखिया नीतीश कुमार पूरी तरह से गाफिल हैं। उनको न अपनी सुध बुध है और न सरकार की। उनके बदले में जो लोग सरकार चला रहे हैं सब सत्तालोलुप और स्वार्थी लोग हैं, जिन्हें बिहार की बेहतरी से कोई मतलब नहीं है।

वैसे बिहार की यह दुर्दशा पिछले करीब चार दशक से है लेकिन अब स्थिति और खराब हो गई है। लेकिन इसमें भी नेता बिहार के लोगों को मूर्ख बनाने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। पिछले साल दिसंबर में जब एनडीए को दो सौ सीटों से ज्यादा का बहुमत मिला और सरकार बनी तो कैबिनेट की पहली बैठक में बिहार में सेमीकंडक्टर हब बनाने, आईटी सिटी बनाने, सेटेलाइट शहर विकसित करने जैसे बड़े प्रस्ताव पास किए गए। लोगों को लगा कि अब उनका जीवन बदलने वाला है। लेकिन बजट आया तो उसमें ऐसा कुछ नहीं था, जिससे लगे कि बिहार में कुछ बदलने का प्रयास होगा। अगले साल का बिहार का बजट तीन लाख 47 हजार करोड़ रुपए का है, जिसमें से 74 फीसदी हिस्सा केंद्रीय करों में हिस्से के रूप में और केंद्र से अनुदान के रूप में मिलेगा।

सोचें, बिहार अपने राजस्व से अपने बजट का सिर्फ 26 फीसदी हिस्सा जुटा पाता है। इसमें भी टैक्स और नॉन टैक्स राजस्व कुल 65 हजार करोड़ रुपए का ही है। बिहार पर चार लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का कर्ज है। सरकार का सारा पैसा वेतन, भत्ते, पेंशन, कर्ज का ब्याज आदि चुकाने में खर्च होता है। सरकार के पास राजस्व बढ़ाने की कोई दृष्टि नहीं है और न कोई राजनीतिक इच्छाशक्ति है। नीति आयोग के आंकड़ों की याद दिलाने की जरुरत नहीं है कि विकास के हर मानक पर बिहार सबसे नीचे है।

ऐसी वित्तीय स्थिति वाले राज्य में जब नया हवाईअड्डा बनाने की बात सुनाई दे तो कैसा महसूस होगा? बिहार के लोग राजनीतिक रूप से बहुत जागरूक बताए जाते हैं। लेकिन पता नहीं ऐसे मामलों में उनकी जागरूकता कहां चली जाती है? पिछले दिनों बिहार सरकार ने कैबिनेट की बैठक में पटना से सटे सोनपुर में एक ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के निर्माण का ऐलान किया। कहा गया कि इसके लिए 42 सौ एकड़ जमीन का अधिग्रहण होगा। जमीन अधिग्रहण के लिए 1,302 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया। दावा किया गया कि यह नवी मुंबई के एयरपोर्ट की तरह होगा। सोनपुर में प्रस्तावित हवाईअड्डे का बजट चार हजार करोड़ रुपए से कुछ ज्यादा का है।

सवाल है कि बिहार जैसे राज्य की प्राथमिकता में पटना के बगल में एक और हवाईअड्डा बनाने की बात कैसे आ सकती है? किसी भी समझदार और बिहार के प्रति ईमानदारी व्यक्ति को बिहार के लिए जरूरी एक हजार कामों की सूची बनाने को कहा जाए तो उसमें भी हवाईअड्डे को निर्माण को जगह नहीं मिलेगी। लेकिन यहां सरकार की पहली प्राथमिकता हवाईअड्डा बनाने की दिख रही है!

यह कितना गैरजरूरी है इसे बिहार के हवाईअड्डों की स्थिति और हवाई यात्रियों की संख्या से समझा जा सकता है। सोनपुर में जहां नया हवाईअड्डा प्रस्तावित किया गया है वह पटना हवाईअड्डे से अधिकतम 25 किलोमीटर की दूरी पर है। सो, पहला सवाल तो यही है कि पटना हवाईअड्डे से 25 किलोमीटर दूर एक और हवाईअड्डा क्यों बनाना है? क्या पटना हवाई ट्रैफिक का लोड नहीं उठा पा रहा है?क्या सोनपुर कोई बड़ा औद्योगिक शहर है, जहां दुनिया भर से लोग आते हैं और जहां से लाखों टन माल की आपूर्ति होती है? सोनपुर क्या कोई गिफ्ट सिटी है? कोई साइबर सिटी है? ऐसा कुछ नहीं है! फिर भी वहां ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे का प्रस्ताव है, जिसे 2030 तक बना देना है। हालांकि सबको पता है कि कुछ नहीं होगा। कोई हवाईअड्डा नहीं बनेगा। सिर्फ इतना होगा कि आसपास की जमीनें महंगी हो जाएंगी और कुछ शरीफ लोग जमीनों में फर्जीवाड़ा करने वालों के जाल में फंस जाएंगे।

ऐसा मानने के कई कारण हैं। पहला कारण तो यह है कि बिहार में हवाई जहाज पर चढ़ने वाले लोगों की संख्या बहुत कम है। पटना के जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से हर दिन नौ से 10 हजार लोग औसतन सफर करते हैं। राज्य के दूसरे सबसे बड़े एयरपोर्ट दरभंगा हवाईअड्डे से हर दिन दो से ढाई हजार लोग सफर करते हैं। सोचें, यह उत्तर बिहार का इकलौता एयरपोर्ट है। तिरहुत और सारण दोनों कमिश्नरी के अलावा कोशी का पूरा इलाके इसके दायरे में आता है। बिहार चुनाव से पहले पूर्णिया में हवाईअड्डा बना। वहां का रोज का ट्रैफिक पांच से सात सौ यात्रियों का है। वहां प्री फैब्रिकेटेड मैटेरियल से हवाईअड्डा बना हुआ है। दोनों हवाईअड्डों पर बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं।

पटना से दूसरी तरफ चलेंगे तो बिहटा में हवाईअड्डा बनने की बात बरसों से चल रही है तो गया का इंटरनेशनल एयरपोर्ट चल रहा है। गया जैसे शहर में, जहां पूरे दक्षिण बिहार का इकलौता हवाईअड्डा है और बोधगया, राजगीर जैसे टूरिस्ट प्लेस हैं, बौद्ध धर्म का सबसे बड़ा तीर्थस्थल है और फिर भी गिनती की उड़ानें संचालित होती हैं। वहां कुल नौ सौ से एक हजार यात्री हर दिन सफर करते हैं। इस तरह राज्य में संचालित चार हवाईअड्डों से औसतन 13 से 14 हजार लोग हर दिन सफर करते हैं यानी महीने में चार लाख और साल में 50 लाख से कुछ कम।इतना कम हवाई ट्रैफिक का कारण यह है कि बिहार में लोगों की आर्थिक स्थिति हवाई जहाज में उड़ने की नहीं है। दूसरी बात यह है बिहार में न तो कोई औद्योगिक गतिविधि है, न कारोबारी गतिविधि है, न शैक्षिक या सांस्कृतिक गतिविधि है फिर हवाई जहाज से कौन आएगा या जाएगा! क्या बिहार के नेता समझ रहे हैं कि हवाईअड्डा खुल जाएगा तो होली, दिवाली में या शादी के सीजन में ट्रेनों से लद कर जाने वाले लोग हवाई जहाज से जाने लगेंगे? ऊपर से यह बेहूदा दावा किया गया कि नवी मुंबई जैसा हवाईअड्डा बना देंगे। सोचें, नवी मुंबई पर पहले चरण में सालाना दो करोड़ यात्रियों को हैंडल करने की व्यवस्था है, जबकि बिहार के चार हवाईअड्डे पर दिन में औसतन 13 से 14 हजार और साल में 50 लाख से कम यात्री आते जाते हैं।

कहां नवी मुंबई एयरपोर्ट पर पहले चरण में दो करोड़ और कहां पूरे बिहार में 50 लाख यात्री! इस हकीकत के बावजूद सोनपुर में एक और हवाईअड्डा बनाने की घोषणा हो गई।

सोचें, बिहार में केंद्रीय विद्यालय खोलने के लिए नीतीश कुमार ने जमीन देने से मना कर दिया था। उपेंद्र कुशवाहा जब केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री थे तब उन्होंने कई केंद्रीय विद्यालय मंजूर कराए थे। लेकिन नीतीश कुमार ने कहा कि उनके पास एक केंद्रीय विद्यालय के लिए पांच एकड़ जमीन देने के लिए नहीं है। अब वही नीतीश कुमार सरकार कह रही है कि 42 सौ एकड़ जमीन हवाईअड्डा के लिए देंगे! ध्यान रहे जमीन का अधिग्रहण बिहार के लिए सबसे बड़ी चुनौती है।

असल में जब नेताओं के पास कुछ करने को नहीं होता है तो वे इस तरह की बातों में लोगों को उलझाते हैं। पहले बिहार के नेता दिल्ली के सत्ता गलियारे में फाइल लेकर सिर्फ इसलिए घूमते थे कि अपने चुनाव क्षेत्र में कहीं ट्रेन का स्टॉपेज करा देंगे, कोई नया स्टेशन बनवा दें या कोई नई ट्रेन चलवा दें। वहीं नेता अब हर शहर में हवाईअड्डा खोल रहे हैं। उत्तर बिहार में रक्सौल, मोतिहारी और मुजफ्फरपुर में हवाईअड्डा खोलने का ऐलान हो चुका है। दरभंगा में खुल चुका है। सोनपुर में घोषणा हो गई है। सीमांचल में पूर्णिया में हवाईअड्डा शुरू हो गया है। पटना, गया और बिहटा में हवाईअड्डा है तो नालंदा में भी बनाने की चर्चा है। इस तरह राज्य के हर छोटे बड़े शहर में एक हवाईअड्डा होगा। चाहे वहां से हवाई जहाज पर चढ़ने वाला कोई हो या नहीं हो!

# 140 करोड़ लोगों का देश मात्र एक बाजार

**दुनिया की हर बड़ी कंपनी का टेक दिग्गज दिल्ली के मेले में दौड़ा आया। सब एकत्र हुए। और भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक कंपनियों के इन प्रमुखों के हाथ अपने साथ ऊपर उठवा कर मैसेज दिया देखो मेरे साथ भारत के खरीदारों का यह जमावड़ा। वैश्विक खरबपतियों ने मेरे से कितनी उम्मीदे पाली हुई है?**

**हरिशंकर व्यास**

कैसे दिल्ली एआई शिखर समिट भारत बिक्री का मेला था? पहली बात दुनिया ने जाना कि 140 करोड़ लोगों का देश मात्र एक बाजार है। उसकी बड़ी–बड़ी बातें, बड़े–बड़े मंहगे विश्वविद्यालय नकल की भी अक्ल लिए हुए नही हैं। डिग्रीधारी, रट्टामार इंजीनियरों, कर्मयोगियों की भीड़ है मगर कुशल एआई शोधकर्ताओं की संख्या तीन सौ से भी कम है। दुनिया की कथित तीसरी बड़ी आर्थिकी इतनी पोली और कड़की है जो वह अनुसंधान–विकास पर जीडीपी का सिर्फ 0.7 फीसदी खर्च करती है। पूरी भीड, पूरा बाजार और कंपनियां सभी विदेशी उत्पाद, मॉडल तथा ऐप के बूते जिंदा है। दुनिया में बाकी जगह कंपनियां कम से कम एआई उपयोग की कोशिश करती हैं वही भारत की 92 प्रतिशत कंपनियां विदेशी एआई मॉडल अपना चुकी हैं। टी20 क्रिकेट विश्व कप में भारत–पाकिस्तान मुकाबला हुआ तो उसके 45 करोड़ दर्शकों के बीच बेचने का सर्वाधिक विज्ञापन स्लॉट चैटजीपीटी का था। मतलब चैटजीपीटी भारत से सर्वाधिक कमाई का रोडमैप बनाए हुए है।तभी दुनिया की हर बड़ी कंपनी का टेक दिग्गज दिल्ली के मेले में दौड़ा आया। सब एकत्र हुए। और भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक कंपनियों के इन प्रमुखों के हाथ अपने साथ ऊपर उठवा कर मैसेज दिया देखो मेरे साथ भारत के खरीदारों का यह जमावड़ा। वैश्विक खरबपतियों ने मेरे से कितनी उम्मीदे पाली हुई है?मुझे मेरा ही देखा वह समय याद हो आया जब पिछली आईटी क्रांति में माइक्रोसॉफ्ट कंपनी अपने प्रोडक्ट की सरकारी बिक्री बढ़वाने के लिए डेमो, कार्यशालाएं आयोजत करती थी। तब भारत में बेचने का वह मार्केटिंग तंत्र था, जिससे प्रोडक्ट प्रस्तुति, डिप्लोमा कोर्स, सरकारी अनुबंध–बिक्री का लंबा–चौड़ा मार्केटिंग अभियान चला था। वैसा ही अब वैश्विक अमेरिकी कंपनियां अपना जाल, अपना नेटवर्क, अपनी चेन में 140 करोड़ की भीड को बंधक बनाने का ब्लूप्रिंट लिए हुए हैं। मैं सन् 1996 से लिखता आ रहा हूं कि भारत आईटी कुली पैदा करने के अलावा अपना कुछ भी नहीं बना रहा। सोचें, भारत सरकार, प्रदेश सरकारों, जनता सब कैसे माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस प्रोडक्ट, गूगल ईमेल, सर्च इंजिन, व्हाट्सऐप पर स्थायी आश्रित हो चुके है। आगे अमेरिकी एआई पर होंगे।नया फेज एआई क्रांति है। दिमाग भन्ना गया यह सुन कर कि गूगल के सुंदर पिचई ने भारत के प्रधानमंत्री मोदी को पट्टी पढ़ाई और विश्वगुरू मोदी ने उन्हें एक 'कर्मयोगीइ का जुमला दिया तो गूगल ने मौका लपका। भारत उद्धार की झांकी बनाते हुए दो करोड़ सरकारी कर्माचारियों को एआई के कृत्रिम दिमाग को अपनाने की ट्रेनिंग देने का ऐलान किया। सोचें, पहली बात, भारत का सरकारी कर्मचारी यदि 'कर्मयोगीइ होता तो भारत का नागरिक लूटता और भारत मात्र बाजार बना होता?दूसरी बात, ये कर्मचारी पहले से ही सोशल मीडिया (वह भी तो प्रतिदिन सात घंटे ऑनलाइन का प्रतिनिधि है) से टाइमपास करते है तो दफ्तरों में मान्य चैटजीपीटी या गूगल चैट की सरकारी वैधता के बाद कर्मचारी क्या करेंगे? पूरी सरकार (मोदी के पीएमओ से लेकर पटवारी तक) इस फॉर्मूले में एआई का उपयोग करेंगे– एआई बताओं, लिखों राजस्व बढ़ाने का एक नोट, या लोगों को झूठ, भय, भूख, भक्ति में बांधने के उपाय! या लिखे डराने, धमकाने वाला नोटिस, सम्मन, एफआईआर, चार्जशीट का ऐसा मसौदा, जिसे पढ़ कर वकील के भी होश उड़ जाए! और नागरिक रिश्वत ले कर दौड़ा–दौड़ा आए! चेक करो फलां नागरिक के दिमाग का खाता, वह हजारों में रिश्वत देने में समर्थ है या लाखों–करोड़ों में! वसूली में किसकी, कैसी हैसियत है?पता है गूगल ने प्रधानमंत्री से यह भी वायदा किया है कि कंपनी सीधे अमेरिका– भारत के जुडाव के लिए समुद्र में केबल बिछाएगी। भला क्यों? ताकि गूगल या अन्य अमेरिकी कंपनियां डायरेक्ट केबल लिंक से भारत में बेचने का अपना ट्रैफिक, भारत से लूट की कमाई की प्राप्ति का आधुनिकतम पक्का रूप बना लें। सुंदर पिचई ने आंध्रप्रदेश के चंद्रबाबू नायडू, सरकार के माईबाप जगत सेठ अडानी को भी पटा कर यह बड़ा ऐलान, सौदा पकवा दिया है कि गूगल भारत में विशाल डेटा सेंटर बनाएगी! किसलिए यह इंफ्रास्ट्रक्चर? ताकि सरकार, अडानी, अमेरिकी कंपनी बाजार की प्रोसेसिंग मतलब नियंत्रक, रेवेन्यू ट्रांसफर आदि सभी पहलुओं में स्वदेशी इंफ्रास्ट्रक्चर से बेधड़क काम करती रहे।अब जरा इतिहास याद करें। पता है आपको आगरा के जहांगीर दरबार में ऐसे ही एक अंग्रेज ने भारत के बाजार को बूझते हुए सूरत में अपना व्यापारी गोदाम बनाया था। फिर उस छोटी सी अनुमति से भारत की लूट का इतिहास बना। उस इतिहास और आज के समय का बेसिक फर्क मात्र यह है कि हिंदुस्तान की नस्ल–कौम के दिमाग में तब फिर भी कुछ जैविक बुद्धि बची हुई थी। तभी दयानंद सरस्वती, तिलक, लाल–बाल–पाल तब स्व, स्वराज, स्वदेश के विचार दे बैठे थे। जबकि आज 2026 में वह सब लुप्त है। आज दिमाग पूरी तरह झूठ, नकल, जुगाड और कृत्रिम विश्वगुरूता का खोखा है।

## अब मैं खुद से पूछती हूं कि मैं सच में कहां की हूं —सेलिना जेटली



अभिनेत्री सेलिना जेटली ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट साझा करते हुए अपने जीवन के उतार–चढ़ाव, विदेश प्रवास और अपनी पहचान के संघर्ष पर दिल की बात कही। उन्होंने भारत वापसी की जानकारी देते हुए अपने मन के खालीफन और उदासी को व्यक्त किया।

सेलिना ने लिखा कि जब कोई व्यक्ति विदेश में उतना लंबा समय व्यतीत कर लेता है, जितना उसने अपने बचपन में माता–पिता के साथ बिताया हो, तो वह अपनी जड़ों और पहचान को लेकर असमंजस में पड़ जाता है। उन्होंने ऑस्ट्रिया (आल्प्स) के प्राकृतिक सौंदर्य की तुलना अपने बचपन की यादों, यानी कुमाऊं के पहाड़ों और जंगलों से की। हालांकि, अभिनेत्री ने यह भी साझा किया कि वर्षों विदेश में रहने के बावजूद वहां उन्हें मात्र पीटर की भारतीय पत्नी के रूप में ही पहचाना गया। उन्होंने लिखा, पीटर हाग से मेरी शादी के बाद ऑस्ट्रेलिया और फिर ऑस्ट्रिया में बसीं, लेकिन समय के साथ घर जैसा एहसास कम होता गया। अभिनेत्री ने अपनी मां की बात को याद करते हुए लिखा, आप एक ही इंसान को दो बार नहीं पा सकते, यहां तक कि उसी इंसान को भी नहीं। मां के साथ बिताया समय मेरा सबसे प्रिय समय था। अब जब मां–पिता और परिवार के सदस्य नहीं रहे, तो पुराना घर और एहसास वापस नहीं आता। कभी–कभी लोग ठीक होना भी नहीं चाहते, क्योंकि दर्द ही खोई हुई चीज से आखिरी रिश्ता बन जाता है। एक सैनिक की बेटी होने के कारण उनका बचपन कई जगहों पर बीता।

## संजू—अभिषेक की जोड़ी बन गई टी20 वर्ल्ड कप इतिहास में नंबर—1

नई दिल्ली। भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में इतिहास रच दिया है। संजू और अभिषेक टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहले विकेट के लिए 50 रनों की साझेदारी करने वाली पहली जोड़ी बन गई है। उन्होंने पाकिस्तानी खिलाड़ियों का रिकॉर्ड तोड़ा है। इससे पहले ये रिकॉर्ड पाकिस्तान के कामरान अकमल और शाहजैब हसन के नाम पर दर्ज था।

भारत के खिलाफ मुकाबले में न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। इसके बाद भारत की बल्लेबाजों ने मैदान पर तबाही मचानी शुरू कर दी। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम ने 4 ओवरों में ही 50 रनों के आंकड़े को पार कर लिया। इसी के साथ भारत के सलामी बल्लेबाजों ने इतिहास रच दिया है।

**अभिषेक शर्मा और संजू**



**सैमसन ने रचा इतिहास**

अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन की जोड़ी दुनिया की पहली ऐसी सलामी जोड़ी बन गई है, जिसने टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में 50 रनों की साझेदारी की है। इससे पहले कभी भी दुनिया की किसी सलामी जोड़ी ने फाइनल में 50 रनों की ओपनिंग पार्टनरशिप नहीं की थी। पाकिस्तान के कामरान अकमल और शहजैब हसन ने श्रीलंका के खिलाफ 2009 वर्ल्ड कप के फाइनल में 48 रनों की साझेदारी की थी। उस वर्ल्ड कप में पाकिस्तानी टीम चैंपियन बनी थी।

## आप हमारी यादों में हमेशा जीवित रहेंगी, अभिनेत्री शम्मी को जैकी श्रॉफ ने दी श्रद्धांजलि



हिंदी सिनेमा में करीब पांच दशकों तक अपनी सशक्त अदाकारी से दर्शकों के दिलों पर राज करने वाली मशहूर अभिनेत्री शम्मी की शुक्रवार को पुण्यतिथि है। इस अवसर पर अभिनेता जैकी श्रॉफ ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जैकी श्रॉफ ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अभिनेत्री की एक पुरानी तस्वीर साझा की। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, आप हमारी यादों में हमेशा जीवित रहेंगी। जैकी श्रॉफ की इस पोस्ट को देखकर प्रशंसक भी भावुक हो गए। कई लोगों ने कमेंट करते हुए लिखा कि शम्मी जी की मुस्कान और उनकी सहज अदाकारी आज भी लोगों के दिलों में बसती है।

शम्मी करीब छह दशकों तक मनोरंजन जगत में सक्रिय रहीं। उनका असली नाम नरगिस रबादी था, लेकिन बाद में वे 'शम्मी आंटी् के नाम से बेहद लोकप्रिय हो गईं।

## रश्मिका—विजय के रिसेप्शन में पहुंचीं नीना गुप्ता

सोशल मीडिया पर इस समय पावर कपल रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा के हैदराबाद में हुए रिसेप्शन की खूबसूरत तस्वीरें छाई हुई हैं, जिसमें साउथ से लेकर बॉलीवुड इंडस्ट्री के कई दिग्गज एक्टर, एक्ट्रेस, डायरेक्टर, और नामी चेहरे ने स्टाइलिश अंदाज में सिरकत की। बीते बुधवार को रश्मिका और विजय के रिसेप्शन में पहुंचे सेलेब्रिटीज में एक नाम नीना गुप्ता का भी है, जो हिंदी फिल्म और टेलीविजन इंडस्ट्री की एक शानदार अभिनेत्री, निर्देशक और निर्माता हैं। कपल के रिसेप्शन में अभिनेत्री अपने पति विवेक मिश्रा के साथ पहुंची। अभिनेत्री के बीते दिन की एक खूबसूरत तस्वीर को गुरुवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। पोस्ट को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, आप दोनों और आपके परिवारों से मिलकर बहुत अच्छा लगा। आप सब बहुत ही मिलनसार, सम्मानजनक और प्यारे थे। भगवान आप दोनों को आशीर्वाद दें।

## समापन समारोह में रिकी मार्टिन, सुखबीर और फाल्गुनी ने बांधा समां

नई दिल्ली। टी20 विश्व कप 2026 के समापन समारोह में रिकी मार्टिन, सुखबीर और फाल्गुनी पाठक ने समां बांधा और अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दर्शकों का मनोरंजन किया। समापन समारोह भारत और न्यूजीलैंड के बीच मैच से ठीक पहले आयोजित हुआ। इस दौरान अहमदाबाद में भारी संख्या में दर्शक स्टेडियम में मौजूद रहे। यहां तक की आईसीसी अध्यक्ष जय शाह भी समारोह का आनंद लेते हुए नजर आए। जय शाह परिवार के साथ मैच का आनंद लेने पहुंचे।

सुखबीर के गानों पर झूम उठे दर्शक

समापन समारोह में फाल्गुनी पाठक ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का मनोरंजन किया। इसके बाद सुखबीर ने परफॉर्म



किया। सुखबीर ने 'जब तारे गिन–गिन याद में तेरे' गाने की शुरुआत की तो नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दर्शक खुशी से झूम उठे। सुखबीर के साथ–साथ ये गाना स्टेडियम में बैठे सभी दर्शकों ने गुनगुनाया जिससे अहमदाबाद में माहौल संगीतमय हो गया।

## एक नजर

### अल्ट्रासाउंड सेवा शुरू, ग्रामीणों को मिली राहत

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र यमकेश्वर में अल्ट्रासाउंड सेवा शुरू हो गई है। अस्पताल में पहले दिन ही 17 मरीजों के अल्ट्रासाउंड किए गए। अब महीने के पहले व तीसरे शुक्रवार को अस्पताल में नियमित रूप से अल्ट्रासाउंड होंगे।

पिछले लंबे समय से अल्ट्रासाउंड की बाट जोह रहे लोगों को इंतजार समाप्त हो गया। सीएमओ डॉ. शिव मोहन शुक्ला ने सीएचसी पहुंचकर अल्ट्रासाउंड सेवा का उद्घाटन कर पहले दिन ही 17 मरीजों के अल्ट्रासाउंड किए। जिनमें 7 गर्भवती व 10 अन्य शामिल रहे। साथ ही गर्भवती महिलाओं को स्वस्थ जच्चा -बच्चा के परामर्श दिए। डॉ. शुक्ला ने बताया कि यमकेश्वर में अल्ट्रासाउंड शुरू होने से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। बताया कि महीने के पहले व तीसरे शुक्रवार को यहां व सीएचसी में नियमित रूप से अल्ट्रासाउंड करेंगे। इस मौके पर चिकित्साधिकारी डॉ. प्रदीप बिष्ट, डॉ. शुभम मुयाल, महिला चिकित्साधिकारी डॉ. आंचल सिलोड़ी, टेक्नीशियन मुकेश चमोली आदि मौजूद रहे।

### कर्मचारियों को परितोषिक देकर किया सम्मानित

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः गढ़वाल राइफल्स के कमांडेंट ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी ने कोटद्वार स्थित ईसीएचएस पालीक्लीनिक का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पालीक्लीनिक वर्ग (ख) में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया। शनिवार को गढ़वाल राइफल्स के कमांडेंट ब्रिगेडियर विनोद नेगी कोटद्वार स्थित ईसीएचएस पालीक्लीनिक पहुंचे। उन्होंने कैंटीन परिसर पर स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने पूर्व सैनिकों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को भी सुना। साथ ही समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने पालीक्लीनिक में कार्यरत कर्मचारियों के कार्यों की भी सराहना की है। इस मौके पर पालीक्लीनिक के आफिसर इंचार्ज कमांडर सुरेंद्र सिंह, सूबेदार मेजर शैलेंद्र सिंह बिष्ट, डा.सुजाता, डा.सिमरन खर्कवाल, डा.अखिलेश जखमोला, पूर्व सैनिक संघर्ष समिति के अध्यक्ष महेंद्रपाल सिंह रावत, जीत सिंह भंडारी, रतन सिंह, चंद्रमोहन सिंह, ताजबर सिंह मौजूद रहे।

### आराध्य एवं प्रियांशी को सम्मानित किया

श्रीनगर। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रामपुर में भाजपा की ओर से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विधायक विनोद कंडारी ने महिलाओं के योगदान और सशक्त भूमिका की सराहना की। इस मौके पर अंडर–14 वॉलीबाल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाली आराध्य पोखरिया एवं प्रियांशी पड़ियार को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में देवप्रयाग नगर पालिका अध्यक्ष ममता देवी, ब्लॉक प्रमुख कीर्तिनगर अचला खड़ेलवाल, एसडीएम मंजू राजपूत, महिला मोर्चा अध्यक्ष अनिता सिलवाल, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष सरिता पुंडीर, पिंकी लिगवाल आदि मौजूद थे। वहीं ब्लॉक सभागार कीर्तिनगर में कांग्रेस की जिला अध्यक्ष मीनाक्षी पोखरियाल, प्रदेश सचिव रजनी मेवाड़, महिला कांग्रेस की अनुजाति प्रकोष्ठ अध्यक्ष अनीता देवी आदि मौजूद थे। वहीं श्रीनगर में भाजपा महिला मोर्चा, जिला पौड़ी ने विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय महिलाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, महिला समूहों तथा राज्य आंदोलनकारियों को सम्मानित किया। मुख्य वक्ता पूर्व अध्यक्ष अनुराधा वालिया ने कहा कि आज के दौर में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का लोहा मनवा रही हैं।

### साइकिल ट्रैकरों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

नई टिहरी। टिहरी झील महोत्सव के तहत जौनपुर के सुआखोली से देवलसारी तक साहसिक पर्यटन और पर्यावरण संरक्षण का संदेश को लेकर 53 किलोमीटर की साइकिल ट्रैकिंग हुई। शनिवार रात को साइकिल ट्रैकरों ने पर्यटक स्थल देवलसारी में रात्रि विश्राम कर रविवार को देवलसारी क्षेत्र के ओतड़ होते हुए तीन किमी का ट्रैकिंग की। ट्रैकिंग दल ने प्रसिद्ध पर्यटक स्थल देवलसारी क्षेत्र के कोणेश्वर महादेव मंदिर के दर्शन कर पहाड़ की सुंदर वादियों आनंद लिया। तहसीलदार बिरम सिंह पंवार ने बताया कि ट्रैकिंग में देश–विदेश के 51 ट्रैकरों ने हिस्सा लिया। साइकिल ट्रैकिंग का उद्देश्य साहसिक पर्यटक के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना था। इस मौके पर जिला उद्यान अधिकारी अरविंद शर्मा, शूरवीर सिंह तोमर, वीरेंद्र दत्त गौड़, अंकित बिष्ट, मनवीर पंवार आदि मौजूद थे।

# शहर में बढ़े मैक्स वाहन, अव्यवस्थाएं बनी चुनौती


कोटद्वार के पटेल मार्ग पर सड़क किनारे बेतरतीब तरीके से खड़े मैक्स वाहन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः शहर में लगातार मैक्स वाहनों की संख्या बढ़ती जा रही है। लेकिन, इन वाहनों को खड़ा करने के लिए पार्किंग स्थल तक नहीं है। नतीजा, अधिकांश वाहन पूरे दिन सड़कों पर ही बेतरतीब तरीके से खड़े रहते हैं। सबसे बुरी स्थिति पटेल मार्ग की बनी हुई है। जहां सड़क पर गैराज के साथ ही अवैध पार्किंग आमजन की मुश्किलें बढ़ा रही है। शिकायत के बाद भी सरकारी सिस्टम समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहा। ऐसे में कब बड़ा हादसा हो जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता।

वर्तमान में शहर में करीब एक हजार मैक्स वाहन संचालित हो रहे हैं। प्रतिवर्ष इन वाहनों की संख्या में इजाफा भी देखने को मिल रहा है। लगातार बढ़ रही मैक्स वाहनों की संख्या यातायात के लिए एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। दरअसल, शहर में कहीं भी इन वाहनों को खड़ा करने के लिए पार्किंग स्थल तक नहीं बनाया गया। ऐसे में वाहन चालक बीच सड़क पर ही वाहनों को खड़ा कर सवारियां भरने लगते हैं। पटेल मार्ग व स्टेशन रोड पर सबसे बुरी स्थिति बनी रहती है। सड़क पर खड़े इन वाहनों के कारण पूरे दिन जाम की स्थिति देखने को मिलती है। पूर्व में शहरवासी कई बार प्रशासन को समस्या से अवगत करवाया चुके हैं। लेकिन, अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया।

**सड़क पर भरनी पड़ती है सवारी**

पार्किंग स्थान व स्थाई मैक्स अड्डा नहीं होने से मैक्स वाहनों को सड़क पर ही वाहन खड़ा कर सवारियां भरनी पड़ती है। ऐसे में कई बार दुर्घटनाओं का भी अंदेशा बना रहता है। कई बार मैक्स वाहन संचालक वाहन की रफ्तार धीमी कर सवारियों को बैठाते हुए आसानी से देखे जा सकते हैं। बावजूद इसके सरकारी सिस्टम लापरवाह बना हुआ है।

## गर्मी से पहले ही धधकने लगे पहाड़ के जंगल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः विकासखंड कल्जीखाल के डांगी गांव के जंगल आग से धधकने लगे। ग्रामीणों ने चरवाहों पर आग लगाने का आरोप लगाया है। ग्रामीण जगमोहन डांगी ने बताया कि गांव के जंगलों में इन दिनों भेड़-बकरी चराने वाले पहुंच रहे हैं।

बताया के दोपहर को लगी आग ने विकराल रूप ले लिया जिससे गांव के सिविल वन क्षेत्र में कई पेड़ पौधे आग की चपेट में आग गए। उन्होंने वन विभाग से आग लगाने वालों पर कार्रवाई की मांग उठाई है। वहीं सिविल एवं सोयम वन प्रभाग पौड़ी के डीएफओ पवन नेगी ने बताया कि वनाग्नि की फिलहाल कोई घटना दर्ज नहीं हुई है। हालांकि फायर सीजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सिविल क्षेत्र में वनाग्नि नियंत्रण के लिए 34 क्रू–स्टेशन, सौ फायर वाचर और कंडोलिया में मास्टर कंट्रोल रूम बनाया गया है।

## यशिका, आकांक्षा व प्रत्यक्षा दौड़े सबसे तेज

**जयन्त प्रतिनिधिः**

कोटद्वारः युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय की ओर से बच्चों के लिए दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान सौ मीटर दौड़ में यशिका, आकांक्षा व प्रत्यक्षा ने प्रथम स्थान पाया।

आयोजित प्रतियोगिता से पूर्व व्यवसायी सीमा धस्माना ने महिलाओं व बालिकाओं को महिला दिवस के बारे में बताया। कहा कि महिलाओं व बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। इस मौके पर विभिन्न आयु वर्गों में दौड़ आयोजित की गई। 13 वर्ष आयु वर्ग में 100 मीटर की दौड़ में यशिका वर्मा प्रथम, आशिक द्वितीय व आशा तृतीय स्थान पर रही। 200 मीटर दौड़ में पिंकी, सोनाक्षी नेगी व यशिका वर्मा प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। 400 मीटर दौड़ में सोनाक्षी नेगी, समीक्षा रावत व दीप्ति ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। 18 वर्ष आयु वर्ग में 100 मीटर की दौड़ में आकांक्षा नेगी ने प्रथम, प्राची रावत ने द्वितीय व विजय लक्ष्मी ने तृतीय स्थान पाया। 200 मीटर दौड़ में नव्या नेगी प्रथम, अंकिता द्वितीय व प्राची तृतीय रहे, जबकि चार सौ मीटर दौड़ में नव्या नेगी प्रथम, अंकिता द्वितीय व यशिका तृतीय रहे। 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में 100 मीटर की दौड़ में प्रत्यक्षा, विशाखा व हिमानी, 200 मीटर दौड़ में काजल, दीक्षा धस्माना व प्रत्यक्षा क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। 400 मीटर दौड़ में पूजा बिष्ट प्रथम, काजल द्वितीय व विशाखा तृतीय रही। फंक्शन एक्टिविटी बोरा रेस में भारती प्रथम, सोनाक्षी द्वितीय व पिंकी तृतीय रही। निर्णायक की भूमिका में सिद्धार्थ उनियाल व सतीश मौर्य रहे। इस मौके पर कोच राहुल यादव, तालिप, तेजेंद्र रावत, उमेश, अर्पिता, प्रशांत मौजूद रहे। संचालन राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवी उजिता व हेमंत ने किया।

## लव यू जिंदगी... पर झूम उठे दर्शक

नई टिहरी। टिहरी झील महोत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में बॉलीवुड गायक व संगीतकार अमित त्रिवेदी और उनके साथी कलाकारों ने समां बांध दिया। उनके गीतों पर दर्शक देर रात तक पंडाल में झूमते रहे। वहीं सुरगंगा संगीत विद्यालय की ओर से टिहरी पर आधारित नाटक और गंगावतरण के भव्य मंचन ने भी दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। कोटीकॉलोनी में आयोजित कार्यक्रम में जैसे ही अमित त्रिवेदी मंच पर पहुंचे, दर्शकों ने सीटियां और तालियां बजाकर उनका स्वागत किया। अमित ने जय हो जय हो शंकरा और जयकाल महाकाल से प्रस्तुति की शुरुआत की।

इससे भक्तिमय माहौल बन गया। इसके बाद उन्होंने लव यू जिंदगी गीत सुनाकर युवाओं और अधिकारियों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने अपने कई लोकप्रिय गीतों और मिश्रित फिल्मी गीतों की भी प्रस्तुति दी। गायिका मेघना मिश्रा ने ह्यहवा के झोंके आज मौसम से संवार दो, देवेंद्र पाल सिंह ने एक कुड़ी बेगाना मोहब्बत, अरुण कांवत ने ह्यये फितूर तेरा, जबकि जाह्नवी जैन ने ह्यओ रे मनह्न और ह्यगूंजा सा है कोई एक ताराह्न गीत प्रस्तुत कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। इससे पहले झील में गंगावतरण का प्रभावशाली नाट्य मंचन, भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया। ह्यमेरी प्यारी टिहरी जल में बसी याद विषय पर आधारित डॉ. विकास फोंदणी के निर्देशन में प्रस्तुत नाटक ने दर्शकों को भावुक कर दिया। नाटक में पुरानी टिहरी के बसने से लेकर उसके उजड़ने तक की मार्मिक कहानी दिखाई गई। नाटक में जशोदा नेगी, गोविंद बिष्ट, देवेंद्र नौडियाल, महिपाल नेगी, त्रिहरि नेगी, अरविंद कोहली ने प्रभावशाली अभिनय किया। इस मौके पर विधायक किशोर उपाध्याय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मान सिंह रौतेला, कुलदीप पंवार, विजयपाल सिंह रावत, परमवीर पंवार आदि मौजूद रहे।

## महिला दिवस पर शिक्षिकाओं को किया सम्मानित

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः महिला दिवस पर प्राइवेट स्कूल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिमसें 46 शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लाक शिक्षा अधिकारी वर्षा भारद्वाज व संस्था के अध्यक्ष अजयपाल सिंह रावत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में महिलाओं में जागरूकता के चलते महिलाएं समाज के हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका का निर्वहन कर रही है। कहा कि महिलाएं अपने घर की जिम्मेदारी के अलावा भी समाज में उत्कृष्ट कार्य कर रही है। जिससे देश निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर हो रहा है। इस मौके पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 46 शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर चंद्रशेखर, रेनुका गुसांई, करूणेश कुकरेती, वरूण भदूला, गणेश ध्यानी, रेखा गौड, ऊषा रावत, संगीता कंडारी, दीपक उनियाल, मीनाक्षी नैथानी मौजूद रहे।

# मार्ग एलिवेटेड नहीं बनने तक जारी रहेगा धरना

**जयन्त प्रतिनिधिः**

कोटद्वारः लालढांग–चिलरखाल वन मोटर मार्ग को एलिवेटेड बनाने की मांग को लेकर लोगों का धरना रविवार को भी जारी रहा। आंदोलन पर डटे लोगों ने प्रदेश सरकार को मार्ग निर्माण नहीं होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी है। कहा कि जनता की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

रविवार को लोगों ने चिलरखाल वन चौकी के समय बैठक धरना दिया। लोगों ने कहा कि वह पिछले कई माह से मार्ग निर्माण को लेकर धरना दे रहे हैं। 12 फरवरी को न्यायालय ने मार्ग निर्माण की स्वीकृति दी। लेकिन, अब तक सरकार मार्ग निर्माण की स्थिति को नहीं बता पाई है। कहा कि क्षेत्रवासी केवल एलिवेटेड मार्ग ही चाहते हैं। मार्ग के बेहतर निर्माण से ही क्षेत्र का बेहतर विकास होगा। साथ ही सिगड्डी के मंद पड़े व्यापार को भी गति मिलेगी। यही नहीं, इस मार्ग का निर्माण होने से कण्वाश्रम को भी नहीं पहचान मिलेगी। शहरवासियों को राजधानी देहरादून जाने के लिए उत्तर प्रदेश की सड़क से नहीं जाना पड़ेगा। कोटद्वार को राजधानी से जोड़ने का एक बेहतर विकल्प मिलेगा। कहा कि स्थानीय जनता लंबे समय से मार्ग निर्माण को धरना दे रही है। लेकिन, अब तक सरकार चुप्पी साधे हुए है।


कोटद्वार नगर निगम के अंतर्गत चिलरखाल वन चौकी के समीप धरना देते लोग

# महिलाएं समाज की शक्ति और आधारः नेगी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः पूर्व काबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि महिलाएं हमारे समाज की शक्ति और आधार है। एक महिला ही मां, बहन, बेटी और पत्नी के रूप में परिवार को संभालती है। आज महिलाएं देश के उच्च पदों पर पहुंचकर समाज सेवा में अपना योगदान भी दे रही हैं।

सिम्मलचौड़ में जिला कांग्रेस व महानगर कांग्रेस की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सुरेंद्र सिंह नेगी ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति के बगैर समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। नारी शक्ति समाज की आधारशिला है और महिलाओं के सम्मान व सशक्तिकरण के बिना किसी भी समाज की प्रगति संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी आज हर क्षेत्र में बढ़ रही है और समाज को आगे बढ़ाने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति भी जागरूक रहना होगा। ताकि समाज को सही दिशा दी जा सके। इस दौरान महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी।


आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व काबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी

साथ ही समाज में बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व महापौर हेमलता नेगी, कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष संजय मित्तल, पूर्व ब्लाक प्रमुख गीता नेगी, बीना नेगी, गीता सिंह, आशा कंडारी, साबर सिंह नेगी, धीरेंद्र सिंह बिष्ट, सुदर्शन सिंह रावत, हेमचंद्र पंवार, सुशील बहुखंडी, बलबीर सिंह रावत, बृजपाल सिंह, कीरत सिंह, सुधा असवाल, प्रदीप नेगी, कीरत सिंह, राकेश नेगी, कुलवंत पुंडीर, सूरज प्रसाद कांति, राजीव कपूर, सुनील सेमवाल, राकेश शर्मा, अमित राज सिंह मौजूद रहे।

## मष्टगांव के प्राथमिक विद्यालय को खुलवाने की मांग

चमोली। तहसील जिलासू के अंतर्गत मष्टगांव के प्राथमिक विद्यालय को फिर से खुलवाने की मांग की गई। ग्रामीण ने जिलाधिकारी को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा। मष्टगांव निवासी विशेश्वर प्रसाद सती का कहना है कि उनके गांव में पूर्व में प्राथमिक विद्यालय संचालित होता था लेकिन अचानक कुछ साल पहले उसे बंद कर दिया गया। ग्रामीणों ने विद्यालय खुलवाने के लिए काफी प्रयास किए लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। वर्तमान में उनके गांव के तीन बच्चे पढ़ने के लिए करीब तीन किमी दूर प्राथमिक विद्यालय झिलोटी जा रहे हैं। जंगली जानवरों के डर के कारण अभिभावकों को बच्चों के साथ विद्यालय जाना पड़ता है। इससे उनके घर व खेती बाड़ी के काम प्रभावित हो रहे हैं साथ ही बच्चों को भी इतनी दूर आने जाने में परेशानी हो रही है।

## महिला संगठनों ने महंगाई, महिला हिंसा और रोजगार के मुद्दे पर किया प्रदर्शन

अल्मोड़ा। अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की अल्मोड़ा इकाई ने अन्य जन संगठनों के साथ चौघानपाटा में प्रदर्शन कर महंगाई, महिला हिंसा, रोजगार और महिला आरक्षण सहित विभिन्न मुद्दों पर आवाज उठाई। प्रदर्शन में सीटू, आशा कार्यकर्ता, भोजन माता, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां, डीवाईएफआई और ज्ञान विज्ञान समिति से जुड़े लोग भी शामिल हुए।

प्रदर्शनकारियों ने साम्राज्यवाद और सांप्रदायिकता के खिलाफ संघर्ष तेज करने, गणतंत्र और संविधान की रक्षा, लैंगिक समानता सुनिश्चित करने तथा रोजी–रोटी और महंगाई के मुद्दों पर सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग की।

उन्होंने महिला आरक्षण विधेयक शीघ्र पारित करने की भी मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि देश में रोजगार के अवसर बढ़ाए जाएं और श्रम संहिताओं को वापस लेकर पूर्व के श्रम कानूनों को बहाल किया जाए। मनरेगा के तहत 200 दिन का रोजगार सुनिश्चित करने और बजट बढ़ाने, रसोई गैस के बढ़े दाम वापस लेने तथा महंगाई पर नियंत्रण लगाने की मांग भी उठाई गई। आशा, आंगनबाड़ी और भोजन माता के मानदेय में वृद्धि कर सामाजिक सुरक्षा देने की बात भी कही गई। वक्ताओं ने देश और प्रदेश में महिलाओं और बच्चियों के साथ बढ़ रही यौन हिंसा की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए महिला सुरक्षा कानूनों और एजेंसियों को सक्रिय करने की मांग की। साथ ही अंकिता भंडारी प्रकरण में शामिल वीआईपी की गिरफ्तारी की मांग भी उठाई गई। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने शहर के मुख्य मार्गों पर जुलूस निकालकर नारेबाजी की।

## पेंशन बहाली के लिए अप्रैल माह में निकालेंगे बाइक रैली

श्रीनगर। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी की ऑनलाइन बैठक हुई जिसमें प्रदेश के विभिन्न विभागों के कार्मिकों ने प्रतिभाग किया।

बैठक में वक्ताओं ने अप्रैल माह में देहरादून में बाइक रैली निकालने व मुख्यमंत्री आवास घेराव की चेतावनी दी।

मंडलीय मंत्री राजीव उनियाल ने कहा कि वर्ष 2027 से पहले सरकार को पुरानी पेंशन योजना बहाल करनी होगी अन्यथा कर्मचारियों को आंदोलन तेज करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। पुरानी पेंशन बहाली के लिए पूरे देश में व्यापक अभियान चलाया जाएगा। प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोहित जोशी ने अप्रैल माह में विधानसभा से मुख्यमंत्री आवास तक बाइक रैली निकालने का प्रस्ताव रखा जिस पर सभी सदस्यों ने सहमति जताई। वहीं गढ़वाल मंडल अध्यक्ष शंकर भट्ट ने सवाल उठाया कि जब एक दिन का विधायक या मंत्री पेंशन का हकदार हो सकता है तो कर्मचारियों को यह अधिकार क्यों नहीं दिया जा रहा। प्रदेश संयुक्त सचिव अभिषेक नवानी ने भी विचार रखे। बैठक में महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष रानीता विश्वकर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मनोज अवस्थी, प्रदेश महामंत्री सीताराम पोखरियाल आदि मौजूद रहे।

## दिल्ली–6 ने जीता जीपीएल कॉस्को

चमोली। गौचर के खेल मैदान में आयोजित जीपीएल कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में दिल्ली–6 ने तूफान एकादश को हराया। प्रतियोगिता में 222 रन और 8 विकेट लेने वाले सचिन को मैन ऑफ द सीरीज घोषित किया गया। रविवार को मैदान में टॉस जीतकर तूफान एकादश ने पहले बल्लेबाजी की। एकादश की ओर से पवन ने 61 रन की मदद से 15 ओवरों में 187 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली–6 की टीम ने 13 ओवरों में ही लक्ष्य हासिल कर जीत दर्ज की। दिल्ली–6 की ओर से आयुष ने 31, पारूल ने 35 और सचिन ने 48 रन बनाए। सचिन को मैन ऑफ द मैच दिया गया। आयोजकों की ओर से युवा कल्याण अधिकारी दीपक बिष्ट ने विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

# बालिकाओं को उनके अधिकारों की दी जानकारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत में आयोजित कार्यशाला में बालिकाओं को उनके अधिकारों की जानकारी दी गई। कहा कि बालिकाओं को अपने अधिकारों की जानकारी होनी आवश्यक है। भारतीय संविधान में बालिकाओं को विशेष अधिकार दिए गए हैं।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने कहा कि किसी भी राष्ट्र के विकास की तस्वीर उस देश की महिलाओं की स्थिति को देखकर होता है। यदि महिलाएं स्वस्थ, शिक्षित, सुरक्षित और स्वावलंबी हैं तो निश्चित ही वह देश विकसित होने की राह पर आगे बढ़ रहा है। कहा कि महिला दिवस का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। मंजू नेगी ने विद्यालय की छात्राओं को बाल विवाह, कन्या भ्रूण हत्या, पीसीपीएन डीटी एक्ट–1994, यौन उत्पीडन, पोक्सो एक्ट, गुड टच व बैड टच के बारे में बताया कि इस मौके पर सुनीता कोटनाला, हेमलता, स्वाति आदि मौजूद रहे।



पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत में आयोजित कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी

# पीपलकोटी के पास राम पर्वत पर भड़की आग

चमोली। नगर क्षेत्र पीपलकोटी के ठीक सामने की राम पर्वत पर भीषण आग लगी हुई है।

आग ने पूरी पहाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया है। आग लगने से क्षेत्र में धुआं ही धुआं फैल गया है। पीपलकोटी के सामने भूमि संरक्षण वन प्रभाग के अंतर्गत राम पर्वत पर शनिवार देर शाम को अचानक आग भड़क गई। देखते ही देखते आग ने पूरी पहाड़ी को चपेट में ले लिया। चीड़ का जंगल होने और सूखी घास होने से सुबह तक आग जंगल के कई किमी के क्षेत्र में फैल चुकी है। काफी समय से बारिश नहीं होने से पहाड़ियां सूखी पड़ी हैं। सूखी घास, पत्ते, पिरुल चिंगारी पड़ते ही धधकने लग रहे हैं। अभी हाल ही में पीपलकोटी के पास ही सांगल चाड़ा और बिरही के टिटरी तोक के जंगल में दो दिन तक आग भड़की रही। वहीं पीपलकोटी के राम पर्वत पर भी आग तेजी से फैल रही है। नदी के दूसरी पार होने के कारण और खड़ी पहाड़ी होने के से वन विभाग के लिए भी यहां आग को काबू करना मुश्किल हो रहा है। जगह–जगह आग लगने से गोपेश्वर सहित आस–पास के क्षेत्रों में धुंध छाई हुई है।



## मैराथन में उम्मेद सिंह रहे अव्वल

नई टिहरी। टिहरी झील महोत्सव के तहत भिलंगना के घनसाली से पिलखी तक पांच किलोमीटर मैराथन हुई जिसमें उम्मेद सिंह राणा पहले, विपिन रगड़वाल दूसरे और अभिषेक बिष्ट ने तीसरा स्थान हासिल किया। खेल एवं फिटनेश को बढ़ावा देन के उद्देश्य से आयोजित मैराथन प्रतियोगिता शुभारंभ भिलंगना ब्लॉक प्रमुख राजीव कंडारी, नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद बिष्ट ने हरी झंडी दिखाकर किया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी विपिन सिंह ने बताया पांच किमी अलग–अलग उम्र के 90 महिला और पुरुषों ने प्रतिभाग किया। घनसाली एसडीएम अलकेश नौडियाल कहा कि शरीर को फिट रखने के लिए रोज दौड़ लगानी जरूरी है।

## आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में काम करने वाली महिलाएं सम्मानित

चमोली। कर्णप्रयाग के पाडली और लंगासू में महिला दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। देवाल के बस स्टेशन में आयोजित भेंटुली महोत्सव में गांवों से पहुंचे 47 महिला मंगल दलों व नीलेश्वर कला मंच ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

साथ ही महिला समूह ने यहां अपुण बाजार लगाकर स्थानीय उत्पादों की बिक्री की। विधायक भूपाल राम टम्टा ने इस कार्यक्रम के लिए डेढ़ लाख की घोषणा की। विधायक टम्टा, प्रमुख तेजपाल रावत, प्रमुख व्यवसायी नरेंद्र बिष्ट व खिलाप बिष्ट ने सभी महिला मंगल दलों को सम्मानित किया। वहीं घेस में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष दौलत बिष्ट ने महिलाओं को सम्मानित किया। वहीं आदिबदरी में आदिबदरी के भलसों, नगली सहित अन्य गांवों में महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। थराली में ग्राम पंचायत चिड़िंगा मल्ला में विधायक टम्टा एवं ब्लॉक प्रमुख प्रवीण पुरोहित ने कार्यक्रमों की शुरुआत की। वहीं गैरसैंण में माईथान, टैंटुड़ा, रोहिड़ा, कलियांणा आदि क्षेत्रों में ममंद व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। नारायणबगड़ विकासखंड की ग्राम पंचायतों में भी कार्यक्रम हुए।

## गौचर में पेयजल संकट, छह से अधिक मोहल्लों में दिक्कत

चमोली। गर्मी बढ़ने के साथ ही पालिका क्षेत्र के कुछ वार्डों के छह से अधिक मोहल्लों में पेयजल संकट गहराने लगा है। ऐसे में लोगों को स्रोतों से पानी ढोकर लाना पड़ रहा है।नगर क्षेत्र के पनाई तल्ली वार्ड, रावलनगर, साकेत नगर, भट्टनगर, द्रोणागिरी और शैल बसंतपुर के कुछ मोहल्लों में जलापूर्ति सुचारु न होने से लोगों के सामने पेयजल संकट बना हुआ है। सभासद चैतन्य बिष्ट, विनोद कनवासी और पूनम रावत का कहना है कि सुबह और शाम कुछ देर के लिए ही पानी की सप्लाई हो रही है लेकिन लाइनों में पानी का पूरा प्रेशर न होने से सभी जगह सप्लाई नहीं पहुंच रही है। वहीं जल संस्थान की अवर अभियंता आइशा कनवासी ने बताया कि साकेत नगर, भट्टनगर, द्रोणागिरी और पनाई तल्ली वार्ड में सुबह–शाम तीन–तीन घंटे पानी की सप्लाई की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला दोस्त पर चाकू से हमले का आरोपी युवक गिरफ्तार

देहरादून। क्लेमनटाउन क्षेत्र में युवक और युवती के बीच बंद कमरे में हुई चाकूबाजी में पुलिस ने रविवार को आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी युवक की अस्पताल से डिस्चार्ज होते ही पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी की। आरोपी के कमरे से चाकू भी बरामद कर लिया गया है।

एसपी सिटी प्रमोद कुमार ने बताया कि छात्र और छात्रा दोनों क्लेमनटाउन स्थित निजी यूनिवर्सिटी से एमसीए की पढ़ाई कर रहे हैं। रायपुर क्षेत्र निवासी छात्रा शनिवार सुबह दोस्त उदय सिंह उर्फ विशु (21 वर्ष) मूल निवासी जागृति विहार, मेरठ (यूपी) के क्लेमनटाउन स्थित कमरे पर पहुंची। यहां दोनों में निजी मामले को लेकर विवाद हुआ। आरोप है कि इस दौरान दोनों के बीच चाकू चला। चाकू से युवक की अंगुली और छात्रा के हाथ व गले पर घाव हुआ। मामले में छात्रा के पिता ने आरोपी के खिलाफ जानलेवा हमले का केस दर्ज कराया। एसओ क्लेमनटाउन मोहन सिंह ने बताया कि उदय सिंह को अस्पताल से डिस्चार्ज होने पर गिरफ्तार किया गया।शादी करना चाहता था आरोपीपुलिस की पूछताछ में आरोपी उदय ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। उसने बताया कि वह वर्तमान में ओगल भट्टा (क्लेमनटाउन) में अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ किराये के कमरे में रहता है। सितंबर 2025 में कॉलेज में ही उसकी मुलाकात साथी छात्रा से हुई थी और तभी से दोनों लगातार संपर्क में थे। उदय छात्रा से शादी करना चाहता था। हाल ही में उसे भनक लगी कि छात्रा किसी अन्य युवक से भी बात करती है। शनिवार को इसी बात को लेकर दोनों के बीच तीखी बहस हुई और चाकू चल गया। छात्रा अभी भी अस्पताल में उपचार चल रहा है।

### दून मेडिकल कॉलेज में युवा डॉक्टरों ने एनिमल मॉडल पर सीखीं सर्जरी की बारीकियां

देहरादून। राजकीय दून मेडिकल कॉलेज के सर्जरी विभाग की ओर से रविवार को एक दिवसीय अत्याधुनिक सर्जिकल कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्या प्रो. डॉ. गीता जैन के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला में पीजी चिकित्सकों, इंटर्न और एमबीबीएस छात्रों को आधुनिक शल्य चिकित्सा (सर्जरी) का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यशाला का मुख्य आकर्षण एनिमल मॉडल पर आंतों को जोड़ने का उन्नत अभ्यास रहा। विशेषज्ञों ने बताया कि प्राणी ऊतकों पर किया गया यह अभ्यास वास्तविक मानवीय ऑपरेशन के बेहद करीब होता है, जिससे युवा डॉक्टरों को जटिलताओं को समझने का सीधा अनुभव मिलता है। छात्रों को अत्याधुनिक उपकरणों के साथ टांके लगाने (स्यूचरिंग) और गांठ बांधने (नॉटिंग) तकनीक की भी बारीकियां सिखाई गईं।श्री महंत इंद्रेश अस्पताल के वरिष्ठ सर्जन डॉ. जे.पी. शर्मा, डॉ. प्रदीप सिंघल, सर्जिकल सोसाइटी देहरादून के अध्यक्ष डॉ. आरके टम्टा और डॉ. शैलेंद्र तिवारी ने सर्जरी के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों और नवीनतम तकनीकों पर महत्वपूर्ण व्याख्यान दिए। प्राचार्या डॉ. गीता जैन ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ बनाने के लिए ऐसे व्यावहारिक प्रशिक्षण मील का पत्थर साबित होते हैं।

### जल संरक्षण में अहम भूमिका निभाने वाली महिलाएं सम्मानित

देहरादून। महिला दिवस पर रविवार को सर्वे चौक स्थित आईआरडीटी ऑडिटोरियम में जल महोत्सव पखवाड़े के तहत नीर नारी शक्ति सम्मान–2026 समारोह का आयोजन किया गया। राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन एवं जिला जल एवं स्वच्छता मिशन, देहरादून की ओर से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। पेयजल विभाग में कार्यरत महिला अभियंताओं और राज्य के विभिन्न जनपदों से आई महिलाओं ने पेयजल, स्वच्छता और जल संरक्षण के क्षेत्र में अपने अनुभव और विचार साझा किए। जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) से आए बदलावों पर भी चर्चा की गई। एक नुक्कड़ नाटक का भी मंचन किया गया, जिसके माध्यम से यह दर्शाया गया कि घर–घर नल से जल पहुँचने से जलजनित बीमारियों में कमी आई है। ग्रामीण महिलाओं और बच्चों के जीवन में सकारात्मक सामाजिक व आर्थिक बदलाव हुए हैं। पेयजल एवं स्वच्छता के क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी निभाने वाली ग्राम प्रधानों, जल सखियों, ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति की सदस्यों, पर्यावरण सखियों और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।



चमोली। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के भराड़ीसैंण (गैरसैंण) आगमन पर विधायक अनिल नौटियाल, जिलाधिकारी चमोली गौरव कुमार, एसपी सुरजीत सिंह पंवार एवं स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया।

### सघन एनीमिया रोकथाम अभियान शुरू, 1.85 लाख बच्चों को मिलेगी खुराक

देहरादून। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जिले में सात मार्च से सात अप्रैल तक सघन एनीमिया रोकथाम एवं पोषण सुदृढ़ीकरण अभियान की शुरुआत हुई है।

इसका मुख्य उद्देश्य रक्ताल्पता (एनीमिया) से ग्रसित महिलाओं और छह से 59 माह के बच्चों की पहचान कर उन्हें निःशुल्क उपचार देना है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि गंभीर मरीजों को उच्च संस्थानों में मुफ्त इलाज के लिए रेफर किया जाएगा।

एसीएमओ डॉ. बिमलेश जोशी के अनुसार, इस अभियान में 1.85 लाख बच्चों, 29,532 गर्भवती और 17,719 स्तनपान कराने वाली महिलाओं को मुफ्त आयरन फोलिक एसिड की खुराक देने का लक्ष्य रखा गया है। आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां अभियान को सफल बनाने के लिए घर–घर जाकर जागरूकता फैलाएंगी।

## नशे में हुड़दंग मचाने वाला युवक पुलिस के हत्थे चढ़ा





बागेश्वर। जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार सतर्कता बरत रही है। इसी क्रम में कोतवाली बागेश्वर पुलिस ने घर में शराब पीकर परिजनों के साथ अभद्रता और हुड़दंग मचाने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 06 मार्च 2026 को पुलिस को सूचना मिली कि दुग बाजार निवासी राहुल पंवार पुत्र कैलाश अपने घर में अत्यधिक शराब के नशे में परिजनों के साथ गाली–गलौज करते हुए उत्पात मचा रहा है, जिससे परिवार के लोग भयभीत और परेशान हैं। सूचना मिलते ही कोतवाली बागेश्वर पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराने का प्रयास किया। किंतु पुलिस के समझाने के बावजूद संबंधित व्यक्ति का आक्रमक रवैया जारी रहा और उसके व्यवहार से आसपास के क्षेत्र में भी शांति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका उत्पन्न हो गई। परिस्थितियों की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राहुल पंवार को शांति भंग की आशंका के तहत धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत मौके से गिरफ्तार कर लिया।

## जनपद में चारा विकास को लेकर बैठक, पंचवर्षीय परियोजना पर चर्चा

अल्मोड़ा। जनपद में चारा विकास और चारे की उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी रामजीशरण शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गेनाइजेशन तथा इंटरनेशनल क्रॉप रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर एरिड ट्रॉपिक्स की टीम के साथ पशुपालन, कृषि, वन, डेयरी, उद्यान और ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में बताया गया कि अल्मोड़ा में चारा विकास, चारा स्थिरता और पर्यावरण पर इसके प्रभाव के अध्ययन के लिए पंचवर्षीय परियोजना प्रस्तावित की जा रही है। इस परियोजना का नोडल विभाग पशुपालन विभाग रहेगा, जबकि अन्य विभाग सहयोगी के रूप में कार्य करेंगे। परियोजना का संचालन मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में किया जाएगा।



बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद की भौगोलिक परिस्थितियों और पहाड़ी क्षेत्रों में चारा उत्पादन से जुड़ी चुनौतियों के बारे में टीम को जानकारी दी। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ. योगेश अग्रवाल ने पशुपालन विभाग की विभिन्न योजनाओं और गतिविधियों पर प्रस्तुतीकरण दिया। बैठक के बाद एफएओ और आईसीआरआईसैट की टीम को भैंसवाड़ा चारा प्रक्षेत्र तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों का स्थलीय भ्रमण भी कराया गया, ताकि जनपद में चारा विकास की वर्तमान स्थिति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया जा सके। बैठक में कृष्णन पुल्लासन्ना, एड्रियन बर्शस, माया नायर, डॉ. एस. नेदुमरन, डॉ. इसरार माजिद और डॉ. निरंजन पधान सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### पत्नी से मारपीट के वायरल वीडियो का केस कराकर खुद फंसा कारोबारी

देहरादून। सिल्वर सिटी वाले कॉम्प्लेक्स के मालिक सुयश अग्रवाल अपनी छवि धूमिल कराने के मुकदमे में उल्टा फंस गए हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि पत्नी के साथ मारपीट का वीडियो सही है। अब सुयश की तरफ से दर्ज केस में सुयश को ही आरोपी बना लिया गया है। राजपुर रोड निवासी सुयश अग्रवाल ने बीते 28 जनवरी को देहरादून स्थित साइबर अपराध थाने में केस दर्ज कराया। पुलिस को बताया कि यूट्यूब, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर उनके पारिवारिक बताते हुए वीडियो प्रसारित किया जा रहा है। इसकी जानकारी उन्हें 18 जनवरी को उनके मित्र अंकुर अग्रवाल और परिचित मुकुल शर्मा ने दी। सुयश ने आशंका जताई है कि यह कृत्य जानबूझकर उनकी और उनके परिवार की प्रतिष्ठा गिराने की साजिश है। केस दर्ज कर जांच की तो वीडियो में सुयश के घर का मिला। वीडियो में वह खुद ही पत्नी से मारपीट कर रहे थे। पत्नी ने खुद पुलिस को इसकी जानकारी भी दी। ऐसे तथ्य मिलने पर मामला साइबर थाने से राजपुर थाने ट्रांसफर हुआ।

## रोटरी क्लब दून शिवालिक हिल्स ने 19 'सुपर वुमन' को नवाजा

देहरादून। महिला दिवस पर रविवार को रोटरी क्लब दून शिवालिक हिल्स और स्किल्ड स्कूल की ओर से महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में चिकित्सा, शिक्षा, पत्रकारिता, पुलिस और व्यापार सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालीं और परिवार व व्यवसाय के बीच बेहतरीन तालमेल बिठाने वाली शहर की 19 महिलाओं को सम्मानित किया गया।

विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी स्मृता परमार ने रोटरी क्लब की इस पहल की सराहना की। उन्होंने सम्मानित होने वाली सभी महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए अपने जीवन के अनुभव साझा किए। रोटरी क्लब दून शिवालिक हिल्स के अध्यक्ष सुनील शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और क्लब द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे सामाजिक कार्यों का विस्तृत विवरण पेश किया। क्लब की वरिष्ठ सदस्या डॉ. जागृति नवानी ने महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार रखे। रोटरी क्लब के तपन कौशिक, कविता टंडन, रसिक भाटिया, राकेश गुप्ता, डॉ. ध्यानी, अनुज नौटियाल, मेधावी भाटिया सहित क्लब के कई सदस्य मौजूद रहे।इन महिलाओं का हुआ सम्मानडॉ. रितु गुप्ता (सह–निदेशक, कनिष्क अस्पताल), शबाना अंजुम (प्राथमिक चिकित्सा व्याख्याता, रेड क्रॉस), शिखा प्रकाश (प्रबंधक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया), लतिका सिंह (उप निदेशक, कृषि विभाग), डॉ. नितिका गोयनका (सीनियर डेटा साइंटिस्ट, मिताली अग्रवाल (निदेश-क, स्किल्ड), प्रीति गुप्ता (संस्थापक, सनी फार्मास्यूटिकल्स), निशा ठाकुर (संस्थापक, शिव ऑप्टिकल्स) और डॉ. तोशिमा ममगाईं (गोल्ड लीफ डायग्नोस्टिक) को सम्मानित किया गया।

## महाप्रशिक्षण अभियान में बूथ प्रबंधन और सोशल मीडिया पर दिया प्रशिक्षण

अल्मोड़ा। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की ओर से आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान के दूसरे दिन रविवार को भी प्रशिक्षण वर्ग जारी रहा। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यपद्धति, सरकार की उपलब्धियों, बूथ प्रबंधन, सोशल मीडिया और आधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग सहित विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। सरकार की उपलब्धियां विषय पर पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष और विधायक रघुनाथ सिंह चौहान ने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में विकास की गति तेज हुई है और गरीब, किसान, महिला, युवा तथा समाज के हर वर्ग के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इन योजनाओं और उपलब्धियों को घर–घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। सोशल मीडिया, एआई, नमो एप और सरल एप विषय पर रवि रौतेला ने कार्यकर्ताओं को आधुनिक तकनीक के उपयोग के बारे में जानकारी दी। बूथ प्रबंधन विषय पर ललित लटवाल ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर मतदाताओं से संपर्क बनाए रखने और संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। समापन सत्र में नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट ने सभी वक्ताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशिक्षण वर्ग से कार्यकर्ताओं को संगठन के विभिन्न विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई है, जिससे उन्हें भविष्य में संगठनात्मक कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से करने में मदद मिलेगी।

### सबको जोड़कर घर को प्रेम से परिपूर्ण करती है महिला : सुधांशु महाराज

देहरादून। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विश्व जागृति मिशन के ओर से हवन और सत्संग का आयोजन किया। इस दौरान विख्यात संत सुधांशु महाराज ने वीडियो प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रवचन देते हुए कहा कि महिला कोमल के साथ दृढ़ भी बहुत होती है जो सबको जोड़ना, मिलाना, चलाना और व्यवस्था बनाकर घर को प्रेम से परिपूर्ण करती है।रविवार को अपर तुनवाला स्थित आनंद देव लोक आश्रम में आचार्य महेश शर्मा, प्रेम भाटिया, सुषमा भाटिया, रंजना खत्री और गीता भाटिया ने मधुर भजन सुनाकर सभी को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ सदस्या बिमला वालिया और सीमा आनंद सिंह को सम्मानित किया गया। प्रचार मंत्री भूपेंद्र चड्ढा ने बताया कि 12 से 15 मार्च तक मेरठ में सुधांशु महाराज के सानिध्य में होने जा रहे सनातन संस्कृति जागरण अभियान के लिये बड़ी संख्या में भक्तों ने नाम लिखवाए हैं। इस अवसर पर प्रधान सुधीर शर्मा, यजमान विजेंद्र सिंह वालिया, तेज कुमार, हुकम सिंह राणा, विजय खत्री, राजेंद्र भट्ट, रमेश थपलियाल, बलबीर सिंह कैंतुरा, सुरेंद्र वागला और गंगा प्रसाद जोशी समेत अन्य लोग मौजूद रहे '

## महिला दिवस पर कांगो ब्रिगेड ने लगाया रक्तदान और स्वास्थ्य जांच शिविर

अल्मोड़ा। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय सेना की कांगो ब्रिगेड (19 सिख रेजिमेंट/विजय बटालियन) की ओर से अल्मोड़ा छावनी स्थित गोरखा हॉल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर और महिला स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सैन्य कर्मियों और स्थानीय नागरिकों ने भागीदारी की। कार्यक्रम का संचालन राजकीय मेडिकल कॉलेज अल्मोड़ा के प्राचार्य डॉ. चंद्र प्रकाश भैसोड़ा के निर्देशन और डॉ. अनिल पांडेय के मार्गदर्शन में किया गया। मेडिकल कॉलेज की ब्लड बैंक टीम ने सेना के अधिकारियों के साथ मिलकर व्यवस्थाओं को संचालित किया। शिविर में 20 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जबकि महिला दिवस के अवसर पर 38 महिलाओं का निःशुल्क हीमोग्लोबिन और ब्लड ग्रुप परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य जांच के माध्यम से महिलाओं को स्वास्थ्य और पोषण के प्रति भी जागरूक किया गया। इस दौरान मेजर डॉ. निखिल बैंस ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान से जरूरतमंदों को जीवनदान मिल सकता है और समाज में सेवा भावना मजबूत होती है। उन्होंने युवाओं और महिलाओं से रक्तदान जैसे कार्यों में बढ़–चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। शिविर में स्वैच्छिक रक्तदाताओं को ब्लड बैंक टीम की ओर से स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में विजय बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर ने सिविल प्रशासन और मेडिकल टीम का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सेना के अधिकारी, मेडिकल कॉलेज की टीम और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



## गैस सिलेंडर के बढ़ते दामों के खिलाफ सड़क पर उतरीं महिलाएं

देहरादून। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर रविवार को कांग्रेस ने बढ़ती महंगाई और रसोई गैस (एलपीजी) की कीमतों में हुई बढ़ोतरी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कैंट विधानसभा क्षेत्र के बल्लीवाला चौक पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश चौहान के आह्वान पर कांग्रेस नेत्री और कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतरकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ने एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 60 रुपये की बढ़ोतरी पर गहरा रोष जताया। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे इस महंगाई के खिलाफ एकजुट हों और काली साड़ी पहनकर तथा हाथों में बर्तन लेकर रैलियां निकालें। पूर्व मेयर प्रत्याशी वीरेंद्र पोखरियाल ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी को 'इंफ्लेशन मैन' (महंगाई पुरुष) करार दिया। उन्होंने कहा कि गैस की कीमतों में यह बढ़ोतरी सीधे घरेलू बजट को बिगाड़ रही है और यह महंगाई पूरी तरह से 'महिलाओं के खिलाफ' है। वहीं, पूर्व महानगर अध्यक्ष लाल चंद शर्मा ने भी इसे 'जनता की खुली लूट' बताया।



उन्होंने कहा कि यह महंगाई आम आदमी की गाढ़ी कमाई पर सीधी चोट है। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और महंगाई से मुक्ति के लिए संघर्ष जारी रखने का आह्वान किया। इस विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से पूर्व डीएवी कॉलेज अध्यक्ष महिपाल शाह, कांग्रेस नेता हितेश क्षेत्री, पीयूष जोशी, सुनील बांगा, भागेश्वरी देवी, माला देवी, खुशी, फरज़ाना, भूरी, अनीता, रीना, पुनीत कुमार, रंजीत कुमार, रेखा, राजेश, अनुज सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बुजुर्ग महिलाओं के समय मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

देहरादून। रमानी ऐ सोशल सोसायटी की ओर से बुजुर्ग महिलाओं के साथ समय व्यतीत की अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया।रविवार को लक्ष्मण चौक स्थित अखिल भारतीय महिला आश्रम में बुजुर्ग महिलाओं वस्त्र और बिस्कुट, टॉफी, कोल्ड ड्रिंक और रुपए वितरित कर उनके साथ बातचीत की गई। संस्था की अध्यक्ष वंदना श्रीवास्तव ने बताया कि हमे सबसे बड़ी उपलब्धि मिली उनके चेहरों पर खुशी देखकर। इस अवसर पर किरण बिष्ट, आशा शर्मा, शालू राणा, शोभा थपलियाल और श्वेता समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## बच्चा चोरी के शक में महिला को बंधक बनाकर पीटा

रुद्रपुर। ट्रांजिट कैंप के ठाकुर नगर में रविवार को एक महिला पर बच्चा चोरी का आरोप लगाते हुए लोगों ने उसे बिजली के पोल से बांध दिया और स्थानीय महिलाओं ने उसकी जमकर पिटाई कर दी।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन पुलिस के सामने भी महिला की पिटाई की गई। पुलिस ने किसी तरह लोगों को समझाकर महिला को उनके चंगुल से छुड़ाया और थाने ले आई। जानकारी के मुताबिक, रविवार सुबह करीब 11 बजे ठाकुर नगर के मैदान में कुछ बच्चे खेल रहे थे। इसी दौरान एक महिला वहां पहुंची और बच्चों को अपने साथ चलने के लिए कहने लगी। यह देखकर बच्चों के माता–पिता और आसपास के लोग मौके पर जुट गए। लोगों ने महिला पर बच्चा चोरी का शक जताते हुए उसे पकड़ लिया और बिजली के पोल से बांधकर उसकी पिटाई कर दी। हंगामा बढ़ने पर किसी ने ट्रांजिट कैंप पुलिस को सूचना दे दी। एसएसआई महेश कांडपाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों से जानकारी जुटाई।

## महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रभावी पहल



बागेश्वर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को बागेश्वर थाने में कोशिश एक नई आशा थीम के अंतर्गत विशेष थाना दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें महिला सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों को केंद्र में रखते हुए प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। यह पहल महिलाओं के प्रति संवेदनशील और उत्तरदायी प्रशासनिक व्यवस्था की सशक्त अभिव्यक्ति के रूप में सामने आई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने की, जबकि पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र मेहरा भी इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहे। दोनों अधिकारियों ने संयुक्त रूप से महिलाओं की शिकायतों को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनके प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। प्रशासनिक स्तर पर इस प्रकार की प्रत्यक्ष संवाद व्यवस्था को महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और उनके विश्वास को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं को सुरक्षित, सम्मानजनक और भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे थाना दिवस का मूल उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी महिला अपनी समस्या या शिकायत रखने में संकोच न करे और उसे त्वरित तथा न्यायसंगत समाधान प्राप्त हो सके।

### साड़ी पहनकर महिला डॉक्टरों ने दिया जीवन रक्षा का संदेश

देहरादून। महिला दिवस पर रविवार को देहरादून सोसाइटी ऑफ एनेस्थीसियोलॉजिस्ट ने अनूठी पहल साड़ीथॉन–पंचरक्षक का आयोजन किया। गांधी पार्क से घंटाघर तक निकाली गई इस जागरूकता वॉक में महिला चिकित्सक पारंपरिक साड़ियों में शामिल हुईं, जबकि पुरुष चिकित्सकों ने विशेष टी–शर्ट पहनकर अपना समर्थन दिया। अभियान के तहत डॉक्टरों ने आमजन और स्थानीय जूडो खिलाड़ियों को सीपीआर, रिकवरी पोजीशन व आपातकालीन दवाओं के उपयोग जैसी विशेष जीवन रक्षक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार सिंह, सचिव डॉ. प्रीतिश रंजन, कोषाध्यक्ष डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. दीपिका तिवारी, डॉ. सौरभ वार्ष्णेय, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रोबिना मक्कड़, डॉ. एनके अग्रवाल और डॉ. मीनल चौहान मौजूद रहे।

## महिला दिवस पर महिलाओं को दिया जल गुणवत्ता परीक्षण का प्रशिक्षण

अल्मोड़ा। विश्व महिला दिवस के अवसर पर विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी रामजीशरण शर्मा की उपस्थिति में 'जल महोत्सव' के अंतर्गत प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में जल महोत्सव का आयोजन 8 मार्च से 22 मार्च तक किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण महिलाओं को पेयजल की गुणवत्ता जांचने के लिए फील्ड टेस्ट किट (एफटीके) के उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर महिलाओं को जल की गुणवत्ता के प्रति जागरूक बनाना और उन्हें स्वयं जल परीक्षण करने के लिए सक्षम बनाना है। इस अवसर पर स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी रामजीशरण शर्मा ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जल जीवन का आधार है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह पेयजल के संरक्षण और उसके समुचित उपयोग के प्रति जागरूक रहे। उन्होंने महिलाओं से अपने–अपने गांवों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का भी आह्वान किया। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान जिला विकास अधिकारी संतोष कुमार पंत सहित जल संस्थान, जल निगम और सिंचाई विभाग के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अलावा स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं और बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं कार्यक्रम में शामिल हुईं।

जयन्त

संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल

द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित

RNI No.UTTHIN/2005/16338